

हिन्दी दैनिक

# मरियम टाइम्स

RNI No-UPHIN/2015/63817

लखनऊ व हरदोई से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 06 | अंक : 281 | लखनऊ, शुक्रवार 18 दिसम्बर 2020 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2/– रूपया

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1277 नये मामले आये सामने

संवाददाता

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,54,542 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,19,99,031 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1539 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 18,150 कोरोना के एक्टिव मामले में से 7,945 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में अब तक 3,30,778 लोग होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे हैं तथा 3,22,833 लोगों ने अपनी होम आइसोलेशन की अवधि पूर्ण कर ली है। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1802 लोग ईलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त मरीज एल–1, एल–2 तथा एल–3 के सरकारी अस्पतालों में अपना ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 5,44,503 लोग कोविड–19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड–19 का रिकवरी प्रतिशत 95.39 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,74,724 क्षेत्रों में 4,88,311 टीम दिवस के माध्यम से 3,04,84,645 घरों के 14,85,69,032 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है।

### 6 माह के लिए जिला बदर किए गए 7 लोग

संवाददाता

लखनऊ। अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर का सख्त रुख देखने को मिल रहा है। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने आपराधिक प्रवृत्ति के 7 लोगों को गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर किए जाने का आदेश दिया है जिसमें मकबूल गंज कैसरबाग का रहने वाला 20 वर्षीय नियाज, हुसैनाबाद ठाकुरगंज का रहने वाला 18 वर्षीय इखलाक, हुसैनाबाद ठाकुरगंज का रहने वाला 29 वर्षीय मोहम्मद इमरान, कासिम अली की पुलिया हुसैनाबाद ठाकुरगंज का रहने वाला 30 वर्षीय मोहम्मद खलील उर्फ खलीक, सुशांत गोल्फ सिटी का रहने वाला 24 वर्षीय विनोद यादव , हुसैनाबाद ठाकुरगंज का रहने वाला 35 वर्षीय मुख्तार उर्फ कल्लू पूरन नगर कृष्णा नगर का रहने वाला 26 वर्षीय अर्जुन सोनी के नाम शामिल हैं यह सभी 7 लोग अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं जिनको गुंडा एक्ट के तहत 6 माह के लिए जिला बदर किए जाने का आदेश दिया गया है।

### राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने बहराइच नगर के वार्डो का किया निरीक्षण

संवाददाता

बहराइच। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश के मा. सदस्य श्याम लाल बाल्मीकि जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद बहराइच के वार्डो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वीपर कालोनी वजीरबाग में जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा पुराने सुलभ शौचालयों को अतिक्रमण मुक्त किये जाने के सम्बंध में विचार–विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कालोनी में निवास कर रहे सफाई कर्मियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को भी सुना तथा निराकरण हेतु आश्वासन दिया। इसके उपरान्त श्री बाल्मीकि मोहल्ला बड़ीहाट स्थित बाल्मीकि मन्दिर का निरीक्षण किया।

## सीएम योगी आदित्यनाथ का विपक्ष पर हमला, अच्छी नहीं लग रही है किसान की खुशहाली

संवाददाता

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एल्डिगो मैदान में किसान सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में देश के युवा, गरीब, किसान के लिए जो वादे किए थे। वह सभी पूरे हो रहे हैं। कभी कहा जाता था कि भारत दुनिया की नकल करता है लेकिन मोदी सरकार के बाद दुनिया भारत के दिखाए रास्ते पर चल रही है। दुनिया कोरोना से त्रस्त थी, तब हमारे किसान खेत से सोना उगा रहे थे। वे राष्ट्र कल्याण के कार्य में लगे थे। भारत की प्रगति से जलन करने वाले लोग ये सब स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। जिन्हें देश की प्रगति अच्छी नहीं लग रही, वे झूठ बोलकर लोगों को व्यवस्था से अलग करने का प्रयास कर रहे हैं । मगर, हम सत्य के आग्रही हैं। उसी राह पर चलेंगे। मोदी जी ने कहा था कि खेत से बाजार तक एक चेन बनायेंगे, जो कि किसानों की प्रगति का मार्ग सरल करेगा। अब यह कार्य किया जा रहा। उन्होंने कहा कि नाम में भाव होता है। हमारे पूर्वजों ने इसी आधार पर नाम रखे। सुबह हो तो राम राम, जीवन यात्रा खत्म हो तो राम। विपक्ष को इस बात से परेशानी हो रही है कि अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है। दूसरी परेशानी उसे इस बात से है कि कश्मीर से धारा 370 क्यों हटा दी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसके विरोध में आवाज उठाई और बलिदान दे दिया। उन्होंने इस दौरान जय श्री राम और भारत माता के नारे भी लगे। उन्होंने कहा कि मैं एक मुस्लिम धर्म गुरु का बयान पढ़ रहा था। जिसमे वो 370 हटाने का समर्थन करते हुए मुख्य धारा से कश्मीर को जोड़ने को सही बता रहे थे। कोरोना के काल खंड में भारत के प्रदर्शन की सराहना दुनिया कर रही है। दुनिया ने भारत के प्रबंधन को कोरोना काल में स्वीकार किया है लेकिन इसमें भी विपक्ष को परेशानी है। अब किसानों की जमीन को कब्जाने की हिम्मत किसी में नहीं है। जिन्हें किसानों की खुशहाली अच्छी नहीं लग रही है। वही भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। आज उसी भ्रम को दूर करने आया हूं। सरकार बनते ही हमने किसानों का 36 हजार करोड़ की कर्ज माफी की। उसके बाद किसानों की उपज के क्रय के लिए व्यवस्था की गई। किसानों को कहीं पर भटकना न पड़े। इसलिए 36 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। यहाँ चीनी मिल बंद हो रही थी लेकिन हमारी सरकार ने 1 लाख 12 हजार करोड़ का किसान का गन्ना भुगतान किया।जिससे मिल भी चलें और किसान भी समृद्ध हो। गन्ना किसानों का भविष्य उज्जवल है। विकास के कार्य, गुमराह करने वालों को बुरा लग रहे हैं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए वह एक झूठ को बार बार बोल रहा है।सरकार सूदखोरी पर लगाम लगा रही, विपक्ष को यह भी बुरा लग रहा।





## केरल स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा का शानदार प्रदर्शन, नड्डा ने मतदाताओं का जताया आभार

एजेंसी

नयी दिल्ली। केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन में हुए सुधार के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को राज्य के मतदाताओं का आभार जताया और कहा कि उनकी पार्टी सत्तारूढ़ माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की ''भ्रष्ट, साम्प्रदायिक और पाखंड'' की राजनीति को उजागर करती रहेगी। वाममोर्चा इन चुनावों में विजयी हुआ है तो यूडीएफ दूसरे स्थान पर है। भाजपा तीसरे स्थान पर है और उसके प्रदर्शन में पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है। नड्डा ने ट्वीट कर कहा, ''स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन में सुधार के लिए मैं केरल की जनता को धन्यवाद देता हूं। केरल भाजपा और उसके अध्यक्ष के सुरेन्द्रन ने कड़ी मेहनत की। इस जनादेश के साथ भाजपा एलडीएफ और यूडीएफ की भ्रष्ट, साम्प्रदायिक और पाखंड की राजनीति को उजागर करती रहेगी।'' अगले साल अप्रैल–मई महीने में केरल में विधानसभा के चुनाव होने हैं। कोविड–19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए 1,200 स्थानीय स्वशासी निकायों में छह नगर निगमों सहित कुल 21,893 वार्डों, 941 ग्राम पंचायतों, 14 जिला पंचायतों और 87 नगर पालिकाओं में आठ, 10 और 14 दिसंबर को तीन चरणों में मतदान हुआ था।

## संसद सत्र नहीं बुलाना सरकार का अहंकार और असंवेदनशीलताः प्रियंका गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सिख संत राम सिंह की कथित खुदकुशी को लेकर बृहस्पतिवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कृषि कानूनों पर चर्चा के लिए संसद सत्र नहीं बुलाना सरकार के अहंकार और असंवेदनशीलता को दिखाता है। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र इस बार कोरोना महामारी के कारण नहीं होगा। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका ने ट्वीट किया कि कोरोना काल के बीच में संसद चलाकर भाजपा सरकार ने अरबपति मित्रों के लिए बनाए गए कृषि कानूनों को पारित कर दिया लेकिन किसानों की मांग पर, 11 किसानों की शहादत व बाबा राम सिंह की आत्महत्या के बावजूद किसान कानूनों पर चर्चा के लिए संसद नहीं खुल सकती। इतना ज्यादा अहंकार और असंवेदनशीलता।




## राहुल गांधी पर बरसे प्रकाश जावड़ेकर, बोले- संसदीय प्रणाली, सवैधानिक संस्थाओं का आदर करना सीखें

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने रक्षा संबंधी संसद की स्थायी समिति की बैठक से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा बहिर्गमन किए जाने पर बृहस्पतिवार को उन्हें आड़े हाथों लिया तथा उन्हें संसदीय प्रणाली और संवैधानिक संस्थाओं का आदर करने की नसीहत दी। पार्टी ने उनके इस रुख की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता यदि ऐसा नहीं करते हैं तो लोकतंत्र में उनकी भूमिका और नगण्य होती जाएगी। अपने आवास पर पत्रकारों से चर्चा में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा, ''संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उनकी कितनी आस्था है, वह कल दिखा। रक्षा समिति की बैठक से वह बाहर चले गए। यह संसदीय प्रणाली और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान है। राहुल गांधी को संवैधानिक संस्थाओं का आदर करना सीखना चाहिए नहीं तो लोकतंत्र में उनकी भूमिका और नगण्य होती जाएगी।'' ज्ञात हो कि राहुल गांधी और कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने समिति की बैठक से बुधवार को यह आरोप लगाते हुए बहिर्गमन किया था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दे की बजाय सशस्त्र बलों की वर्दी पर चर्चा में समय बर्बाद किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी समिति के समक्ष लद्दाख में चीन की आक्रामकता और सैनिकों को बेहतर उपकरण उपलब्ध कराने से जुड़े मुद्दे उठाना चाहते थे, लेकिन समिति के अध्यक्ष जुएल उरांव (भाजपा) ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। जावड़ेकर ने आरोप लगाया कि समिति की बैठक का एजेंडा तय करने के लिए पहले बैठक होती है लेकिन राहुल गांधी उसमें नदारद थे। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी पहले अनुपस्थित रहेंगे, अपना जो एजेंडा चाहते हैं वो बताएंगे नहीं और फिर अचानक आकर कहेंगे कि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा नहीं हो रही है।'' जावड़ेकर ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में समिति की 14 बैठकें हुई है और राहुल गांधी सिर्फ दो में ही उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि 14 में से 12 बैठकों में वे अनुपस्थित रहेंगे और दोष देंगे सारी व्यवस्था को। भाजपा पर आरोप लगाएंगे। जब संप्रग सत्ता में था तब उन्होंने मनमोहन सरकार की कैबिनेट में लिए गए फैसले की प्रति पत्रकार वार्ता में फाड़ी थी और उसे कचरे की टोकरी में डाल दिया था। यह संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उनकी आस्था को दर्शाता है।




## अहिंसक विरोध प्रदर्शन किसानों का अधिकार, गतिरोध दूर करने के लिये बनेगी समिति : SC

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसानों को अहिंसक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इन विवादास्पद कृषि कानूनों के संबंध में कृषि विशेषज्ञों, किसान यूनियनों के प्रतिनिधियों की एक निष्पक्ष तथा स्वतंत्र समिति गठित करने पर विचार कर रहा है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने कहा कि इस समिति में पी साइनाथ जैसे विशेषज्ञों और सरकार तथा किसान संगठनों के प्रतिनिधियों कोशामिल किया जायेगा जो इन कानूनों को लेकर व्याप्त गतिरोध का हल खोजेंगे। पीठ ने कहा, ''हम मानते हैं किकिसानों को विरोध प्रदर्शन का अधिकार है लेकिन यह अहिंसक होना चाहिए। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का मकसद तभी हासिल किया जा सकेगा जब किसान और सरकार बातचीत करें और ''हम इसका अवसर प्रदान करना चाहते हैं।'' इस मामले की सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने स्पष्ट किया , ''हम कानून की वैधता पर आज फैसला नहीं करेंगे। हम सिर्फ विरोध प्रदर्शन और निर्बाध आवागमनके मुद्दे पर ही फैसला करेंगे।'' सुप्रीम कोर्ट दिल्ली की सीमाओं पर लंबे समय से किसानों के आन्दोलन की वजह से आवागमन में हो रही दिक्कतों को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इन याचिकाओं में दिल्ली की सीमाओं से किसानों को हटाने का अनुरोध किया गया है।



## नए कृषि कानूनों के खिलाफ टिकरी बार्डर पर प्रदर्शन कर रहे 38 वर्षीय किसान की मौत

एजेंसी

चंडीगढ़। केन्द्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ टिकरी बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहा 38 वर्षीय एक किसान बृहस्पतिवार की सुबह मृत मिला। भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्राहन)के नेता शिंगारा सिंह के अनुसार बठिंडा जिले के तुंगवाली गांव के जल सिंह और उनके भाई केन्द्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले कई दिनों से हरियाणा–दिल्ली बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे थे। हरियाणा के बहादुरगढ़ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जल सिंह आज सुबह मृत मिले। मौत का उचित कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा।

अधिकारी ने बताया कि सिंह के भाई को उन्हें दिल का दौरा पड़ने का संदेह है। शव को झज्जर जिले के बहादुरगढ़ के एक सरकारी अस्पताल में भेजा गया है। शिंगारा सिंह ने मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने और जल सिंह के परिवार के एक सदस्यों को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्राहान) के नेता ने बताया कि पंजाब के अभी तक 20 किसानों की मौत हो चुकी है। इनकी मौत प्राकृतिक कारणों या सड़क हादसे में हुई है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार सितम्बर में पारित किए तीन नए कृषि कानूनों को कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार के तौर पर पेश कर रही है, वहीं प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आशंका जताई है कि नए कानूनों से एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) और मंडी व्यवस्था खत्म हो जाएगी और वे बड़े कॉरपोरेट पर निर्भर हो जाएंगे।



## नितिन गडकरी रामपुर में करेंगे हुनर हाट का उद्घाटन, नकवी भी रहेंगे मौजूद

एजेंसी, नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग मंत्री नितिन गडकरी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में 'हुनर हाट' का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा स्वदेशी शिल्पकारों–दस्तकारों के हुनर हाट का आयोजन रामपुर के नुमाइश मैदान में किया जा रहा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, गडकरी डिजिटल माध्यम से इस आयोजन का उद्घाटन करें। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना और उत्तर प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह मौके पर मौजूद रहेंगे। रामपुर में 18 से 27 दिसंबर तक आयोजित हो रहे हुनर हाट में देश के कोने–कोने के स्वदेशी दुर्लभ उत्पाद और देश के हर हिस्से से लजीज पकवान उपलब्ध होंगे। इसके अलावा देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हर रोज प्रस्तुत किये जाने वाले पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रम वहां आने वाले लोगों के लिए प्रमुख आकर्षण होंगे। इस हुनर हाट में अनेकता में एकता की संस्कृति का जीता–जागता एहसास लोग कर सकेंगे। इस हुनर हाट में 27 दिसंबर 2020 को आत्मनिर्भर भारत कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा।



## 'प्रभारी मंत्री के आगमन पर भाजपा नेताओं ने नानपारा नगर की सीमा विस्तार क्या दिया मांग पत्र'

बहराइच। प्रभारी मंत्री अनिल राजभर के बहराइच आगमन पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के नेताओं ने आदर्श नगर पालिका परिषद नानपारा से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर उनके सामने मांग रखी मांग पत्र में कहा गया कि नानपारा का परिसीमन किया जाना जनहित में आवश्यक है इसके अलावा नानपारा में रोडवेज डिपो केंद्रीय विद्यालय की स्थापना एवं पानी के निकास के लिए काली कुंडा से चीनी मील तक नाले का निर्माण आदि समस्याएं हैं जिस पर प्रभारी मंत्री ने अति शीघ्र समस्त समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वासन दिया भाजपा जिला अध्यक्ष नानपारा नगर मंडल की सभी मांगों का समर्थन किया।

## महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए टाला गया संसद का शीतकालीन सत्र : शिवसेना

एजेंसी, मुम्बई। शिवसेना ने केन्द्र सरकार के संसद का शीतकालीन सत्र टालने के फैसले की निंदा करते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार किसान प्रदर्शन, देश की आर्थिक स्थिति और चीन के साथ सीमा पर गतिरोध जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' के एक सम्पादकीय में कहा कि सत्र इसलिए रद्द किया गया ताकि विपक्ष को इन मुद्दों पर सवाल करने का मौका ही ना मिले। उसने कहा, ''यह कैसा लोकतंत्र है? देश तभी जिंदा रह सकता है, जब लोकतंत्र में विपक्षी दलों की आवाजें बुलंद हों। संसद की यह लोकतांत्रिक परम्परा देश को प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस परम्परा का पालन करना चाहिए।'' केन्द्र सरकार ने हाल ही में कहा था कि कोविड–19 महामारी के कारण इस साल संसद का शीतकालीन सत्र नहीं होगा और इसके मद्देनजर अगले साल जनवरी में बजट सत्र की बैठक आहूत करना उपयुक्त रहेगा। मराठी पत्र ने कहा कि केन्द्रीय संसदीय कार्यवाही मंत्री प्रहलाद जोशी का कहना है कि उन्होंने सभी पार्टियों से शीतकालीन सत्र ना कराने को लेकर बातचीत की है।

# सम्पादकीय

## प्रणब दा के संस्मरण का सबको इंतजार

कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार से प्रणब मुखर्जी का खट्टा-मीठा रिश्ता रहा है. जहां प्रणब दा इंदिरा गांधी के विश्वासपात्र और नंबर दो के मंत्री रहे, वहीं राजीव गांधी से उनके संबंध खट्टे रहे और शायद राजीव के कारण ही प्रणब मुखर्जी देश के प्रधानमंत्री बनने से वंचित रहे. प्रणब दा को इस बात का जिंदगी भर मलाल रहा. जीवन के अंतिम 15 वर्षों में उन्हें डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में काम करना पड़ा, जिन्हें उन्होंने एक समय भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में मनोनीत किया था. प्रणब मुखर्जी से पहले बारह राष्ट्रपतियों की बात करें, तो वह किसी न किसी खास उपलब्धि के लिए याद किये जाते रहे हैं. चाहे वह केआर नारायणन हों, डॉ शंकर दयाल शर्मा या फिर एपीजे अब्दुल कलाम हों. पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायण ने उस वक्त प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पत्र लिख कर याद दिलाया था कि क्यों न न्यायिक सेवाओं में दलितों, पिछड़े वर्गों का भी आरक्षण हो. हालांकि, इस पर कुछ हुआ तो नहीं, लेकिन चर्चा जरूर हुई. जब पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे, उस वक्त के राष्ट्रपति डॉ शंकरदयाल शर्मा ने 6 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी विध्वंस के बाद कहा था कि यह देश के लिए अच्छा नहीं है. लेकिन, इसका एक असर ये हुआ कि लोगों ने चर्चा की कि देश के प्रथम नागरिक संवेदनशील हैं. वहीं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने अपने कार्यकाल के दौरान युवाओं के बीच एक अलग पहचान बनायी. डॉ कलाम ने पूरे भारत में घूम कर करीब एक करोड़ 70 लाख युवाओं से मुलाकात की थी. राजनीति के कुशल खिलाड़ी के रूप में भले ही प्रणब मुखर्जी अपना एक विशेष स्थान रखते हों, लेकिन राष्ट्रपति के रूप में उनका राजनीतिक कौशल नहीं दिखा. राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने अपने आप को एक दायरे तक ही सीमित रखा. हालांकि, वह कई ऐसी चीजें बोल और लिख सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने आप को सरकार के सहयोगी के रूप में ही पेश किया. उन्होंने राष्ट्रपति रहते दोनों प्रधानमंत्रियों डॉ मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी का पूरा सहयोग किया. दोनों सरकारों से उन्होंने बेहतर तालमेल रखा. कोई भी बिल हो या कोई भी मामला, प्रणब मुखर्जी ने सरकार के प्रति कभी अविश्वास जाहिर नहीं किया. उदाहरण के लिए राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने पर वह अपनी राय रख सकते थे, लेकिन उन्होंने अपनी राय नहीं रखी. राष्ट्रपति भवन से विदाई लेते समय जरूर उन्होंने सरकार को अध्यादेश लाने से बचने की नसीहत दे डाली. अपने विदाई भाषण में प्रणब मुखर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने संबंधों का जिक्र भी किया और कहा कि उनके प्रति विनम्र व्यवहार के लिए वह हमेशा मोदी को याद रखेंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने 2017 में एक कार्यक्रम के दौरान प्रणब को शपिता की तरहश बताया था. इसे राजनीतिक शिष्टाचार का बड़ा उदाहरण भी मान सकते हैं, लेकिन सवाल यहां यह भी नहीं है कि उनका सरकार से तालमेल कैसा रहा, सवाल यह है कि जब 25 जुलाई, 2012 को उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ ली, उस समय देश की 125 करोड़ जनता की उनसे काफी उम्मीदें जुड़ गयी थीं, क्योंकि भारतीय संविधान में राष्ट्रपति संसद और सरकार से ऊंचा पद होता है. हालांकि, विश्वसनीयता और गोपनीयता के मामले में प्रणब मुखर्जी पर कोई सवाल खड़ा करना मुश्किल है. शायद ही उनके संस्मरण में मोदी या मोदी काल की घोर निंदा और आलोचना निकले. एक समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विनोदी भाव में तो यहां तक कहा था कि प्रणब के मुंह से राज नहीं, सिर्फ धुआं निकलेगा. प्रधानमंत्री मोदी के तीन साल के शासन काल में ऐसे कई मुद्दे रहे, जिन पर प्रणब मुखर्जी ने अपनी जुबान तक नहीं खोली. चाहे वह नोटबंदी का फैसला हो या फिर सर्जिकल स्ट्राइक का मामला. प्रणब मुखर्जी के राष्ट्रपति रहते कई राज्यपालों ने कई गैर जिम्मेदाराना बयान दिये, लेकिन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कभी इस पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी. उदाहरण के लिए, असम के राज्यपाल पीबी आचार्य को गैर-जिम्मेदाराना बयान के लिए बर्खास्त किये जाने की मांग बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने की थी. आचार्य ने कहा था कि शहिंदुस्तान केवल हिंदुओं के लिए है, जो कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए गैर जिम्मेदाराना था. इसी तरह त्रिपुरा के राज्यपाल ने अनेक विवादित बयान दिये. राष्ट्रपति भवन के बाद प्रणब मुखर्जी का आरएसएस के मुख्यालय जाना एक दिलचस्प वाकया था. शायद प्रणब दा सक्रिय राजनीति में वापस आना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस की ओर से कोई संकेत नहीं मिला और 2019 के नतीजे एकतरफा मोदी के पक्ष में आये, जिससे किसी भी वैकल्पिक अथवा मिलीजुली सरकार बनने की संभावना बिल्कुल खत्म हो गयी. प्रणब मुखर्जी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि वह अच्छी हिंदी नहीं बोल पाते हैं और एक जनप्रिय नेता नहीं हैं, जिस कारण से वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं बन सके. देश और समाज प्रणब दा की जीवनी में एक ईमानदार और सटीक समीक्षा की उम्मीद रखता है. आशा है कि दादा ने 2014 से 2020 के समय को केवल कांग्रेस की भर्त्सना, सोनिया, राहुल, मनमोहन की खामियां गिनाने में न निकालकर देश और समाज में उपजी चुनौतियों का उल्लेख, नफरत, असहिष्णुता और झूठ के वातावरण और गरीब की बेबसी का भी जिक्र किया होगा.

## धनगर समाज के साथ प्रशासन की बैठक बेनतीजा, धरना जारी

### -डीएम के साथ हुई बैठक में नहीं निकला हल, रविवार को फिर होगी बैठक

मथुरा। गुरूवार को धनगर समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ हुई प्रशासन की बैठक बेनतीजा रही। अब अगली बैठक रविवार को होगी। इस बीच धनगर समाज का धरना भी जरी रहेगा। धनगर समाज के आंदोलन का नेतृत्व



कर रहे नेताओं का कहना है कि यह जिला प्रशासन की चाल है। वह आंदोलन को खत्म कराना चाहते हैं। बुधवार को भारी संख्या में जुटे धनगर के समाज के लोगों ने प्रदर्शन के बाद कलक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर धरने पर बैठ गये थे। बुधवार को ही जिला प्रशासन के साथ बैठक तय हो गई थी। दोपहर करीब 12 बजे जिलाधिकारी के साथ धनगार समाज के प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय धनगर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर ने कहाकि बैठक बेनतीजा रही है। अधिकारी वही आश्वासन दे रहे हैं जो इससे पहले भी लगातार दिये जाते रहे हैं। अब रविवार को बैठक मुलाकात का समय दिया गया है। हम इसका इंतजार करेंगे। इस बीच हमारा आंदोलन जारी रहेगा और हम धरने पर बैठे रहेंगे। अधिकारी चाहते थे कि अगली बैठक तक धरना स्थगित कर दि या जाये, हमने अधिकारियों की इस बात को मानने से इनकार कर दिया है। युवा नेता मुकेश धनगर ने कहाकि जिलाधिकारी की ओर से अच्छारूख दिखया गया है। लेकिन उनके रूख से काम नहीं चलने वाला है। जब शासनादेश जारी हो चुका है। एडीएम भी आदेश जारी कर चुके हैं तो फिर तहसीलदार को किस बात का डर है। अगर उन्हें नौकरी जाने का डर है तो वह अपने घर चले जाएंगे। उन्होंने कहाकि तसीलदार कहीं न कहीं किसी के इशारे पर यह सब कर रहे हैं। शासनादेश जारी होने के बाद धनगर समाज के कुछ लोगों के अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र बनाये गये थे। इसके बाद इक्का दुक्का प्रमाणपत्र अलग अलग तहसीलों से मथुरा जनपद में जारी होते रहे हैं।

## मोर्चे पर डटे हैं भाकियू भानू के कार्यकर्ता, दिल्ली बोर्डर को किया कूंच

### -इससे पहले 11 सूत्रीय मांगों लेकर ब्लाक पर दिया धरना

मथुरा। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय बलदेव पर धरना दिया गया।

धरने में राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रहा है। इस समय पूरे देश के किसान सड़कों पर बैठे हैं लेकिन सरकार गूँगी बहरी बनकर किसानों के धैर्य की परीक्षा ले रही है।

प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि सरकार किसानों की मूलभूत समस्याओं को हल करने की बजाय किसान विरोधी अध्यादेशों को जबरजस्ती लागू करने की जिद पर अड़ी हुई है।

ये सरकार जिन मुद्दों पर सत्ता में आयी थी उन मुद्दों को लागू करने की बजाय किसानों की आवाज को दबाने के लिए तरह तरह के हतकंडे अपना रही है। जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान ने कहा कि पिछले माह 17 नंबम्बर को मादौर ग्राम पंचायत में चले 5 दिन के अनिश्चित कालीन धरने को प्रशासन ने इस आश्वाशन पर खत्म कराया था कि ग्राम पंचायत मादौर को एक हफ्ते में मीठे पानी की व्यवस्था के साथ ही,सड़क विजली जैसी मूलभूत समस्याओं का निराकरण करा दिया जायेगा । लेकिन एक महीना गुजरने के बाद भी जिला प्रशासन ने कुछ नहीं किया है । धरने पर ।क्व् पंचायत को किसानों के भारी रोष का सामना करना पड़ा । किसानों के रोष को शांत करने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ ने एडीओ पंचायत को बन्धक बनाने की घोषणा कर दी उसके बाद प्रशासन



में हलचन मच गयी।

प्रदेश उपाध्यक्ष बिल्ला सिंह ने कहा कि किसानों को मात्र 6 से 7 घण्टे बिजली मिल रही है । नहर बम्बे सूखे पड़े हैं। किसान आवारा पशुओं से त्रस्त हैं लेकिन जिला प्रशासन को इसकी कोई फिक्र नहीं है।

धरना स्थल पर ।क्व् पंचायत ने लिखित में आश्वाशन दिया कि वह 15 दिन के भीतर ग्राम पंचायत मादौर को मीठे पानी की व्यवस्था कर देंगे यदि ऐसा नहीं करते हैं तो किसान लोक सेवक सेवक के आचरणों के खिलाफ कार्यवाही को स्वतंत्र हैं। बाद में तहसीलदार महावन शुभाष चन्द्र को ज्ञापन सौंपा । तहसीलदार महावन ने किसानों की सभी समस्याओं को 15 दिन में हल करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

धरना स्थल पर में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राना, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिकरवार, प्रदेश सचिव रितिराम ठाकुर, प्रदेश सचिव जगदीश रावत, जिला प्रमुख महासचिव साधु प्रधान, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कृपाल सिंह आर्य, जिला कोषाध्यक्ष सूबेदार (रि ) रामफल सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष महिला शकुंतला माहौर , जिला संयोजक लक्ष्मण पांडेय, कुंतिभोज, जिला महामंत्री रामेश्वर शर्मा,डॉ राधेलाल सिकरवार, जिला बरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सिकरवार, गुड्डा मास्टर, खड़ग सिंह चौधरी,गुड्डा मास्टर , बच्चु सिंह तोमर , यमुना सैनी, शंकुतला, कस्तूरी देवी, भीमो देवी, गुजिया, रेशम देवी आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग: थोक के भाव ठोक दिये मीटर, गायब है रिकार्ड, दो के खिलाफ एफआईआर

### -विद्युत विभाग के दो संविदाकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर कर्मचारी गये हड़ताल पर

### -कर्मचारियों ने किया अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन

### -खुद कर्मचारी लगा रहे अधिकारियों पर अनसुनी का अरोप

मथुरा। विद्युत विभाग में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। उपभोक्ता अधिकारियों पर अनसुनी और मनमानी का अरोप लगाते हैं तो बात आईगयी हो जाती है। अब तो विद्युत विभाग के संविदाकर्मियों ने ही अपने आलाधिकारियों पर मनमानी का अरोप लगा दिया है। हालांकि इसका खामियाजा भी उपभोक्ता को ही भुगतना पड रहा है।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की एमडी सौम्या अग्रवाल ने छटीकरा क्षेत्र में ऐसे उपभोक्ताओं यहां छापा मारा जिनके विद्युत बकायेदारों की सूची में नाम थे। एमडी को एक मामला ऐसा मिला जहां बकाये पर बिजली काटी गई थी लेकिन उपभोक्ता ने सीधे केबिल जोड कर बिजली चालू कर रखी थी। उपभोक्ता के खिलाफ विभाग की ओर से सख्त कार्रवाही अमल में लाई गयी है। वहीं एक अन्य मामले में खराब मीटर को बदलने जाने की बजाय विभाग के कर्मचारियों ने सीधे केबिल जोड कर उपभोक्ता को सप्लाई दे दी। कार्रवाही यहां भी उपभोक्ता पर ही होने जा रही थी कि लेकिन यहां उपभोक्ता ने खराब मीटर होने की सूचना विभाग को दिये जाने के सबूत भी जुटाये हुए थे। इसे बाद पूछताछ उन कर्मचारियों से हुई जिन्होंने सप्लाई को जोडा था। उपभोक्ता लक्ष्मी देवी ने खुद सप्लाई को जोडने की बजाय संविदाकर्मियों से ही जुडवाया था। इसके सबूत भी उन्होंने जुटा कर सुरक्षित रखे। इसके बाद एमडी के आदेश पर संविदाकर्मियो जैंत निवासी श्याम और छटीकरा निवासी प्रकाश के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई। एमडी के सख्त तेवरों को देखते हुए क्षेत्रीय एसडीओ पंकज शर्मा, जेई असरफ खान और शैलेन्द्र खुद एफआईआर दर्ज कराने के लिए वृंदावन पहुंचे और विद्युत अधिनियम 139 के तहत एफआईआर दर्ज कराई।

इसकी सूचना जब दोनों संविदाकर्मियों को मिली तो उनका माथा ठनक गया। अपने साथियां को इसकी जानकारी दी। गुरूवार को सुबह से चार बिजली घरों के संविदाकर्मी हडताल पर चले गये और बिजली घर के सामने विभाग के अधिकारियों और एमडी के खिलाफ नारेबाजी की।

रिकार्ड तक नहीं हैं एसडीओ कार्यालयों में

थोक के भाव लगाये गये मीटरों के रिकार्ड तक एसडीओ कार्यालयों में मौजूद नहीं हैं। जब कोई उपभोक्ता गलत बिल आने या मीटर खराब होने पर इसका प्रार्थना पत्र विभाग को देता है तो अधिकारी असमंजस में फंस जाते हैं। विभाग में थोक के भाव मीटरों का कोई रिकार्ड नहीं है। अधिकारी और कर्मचारी एक दूसरे पर इसको टालते रहते हैं। ज्यादातर उन मामलों में स्थिति बिगड जाती हैं जिन उपभोक्ताओं ने एक भी बार अपना बिल मीटर लगने के बाद जमा नहीं किया है। वह बकायेदार हो गये हैं, मिल मोटा हो गया है अथवा मीटर खराब हो गया है। बिल सही होने पर उपभोक्ता बिल जमा करने की कहता है, ऐसे में बिल सही हो पता है और नहीं जमा। यही स्थित मीटर बदलने को लेकर है।

संविदाकर्मी बोले तीन बार अधिकारियों को लिख कर दिया था दोनों संविदकर्मियों ने आरोप लगाया कि जिस उपभोक्ता के मामले में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है, उसका मीटर खराब होने की सूचना तीन बार लिखित में अधिकारियों को दी गई थी। इसके बाद भी न मीटर सही किया गया और नहीं दूसरा कोई समाधान किया गया।

## बिकेंगे छाता, राया, फरह, कोसीकला के बस अड्डे

### -प्रदेशभर में निष्क्रीय बस स्टैण्डों को बेचने का लिया गया है फैसला

### -मथुरा जनपद के चार बस स्टैण्ड हैं इस सूची में सामिल



मथुरा। परिवाहन विभाग के द्वारा पूरे प्रदेश में ऐसे बस स्टैण्डों को चिन्हित किया जा रहा है। जो शासन द्वारा निष्क्रीय किये जा चुके हैं और इन पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। इसी के चलते विभाग के द्वारा इन बस स्टैण्डों की जल्द ही नीलामी की जाएगी। मथुरा जनपद में विभाग द्वारा ऐसे चार बस स्टैण्ड चिन्हित किये गये हैं। जनपद में परिवहन विभाग के 12 बस स्टैण्ड हैं। नीलामी के बाद अब इनकी संख्या घट कर आठ रह जाएगी।

मथुरा डिपो की ओर से सभी बस स्टैण्डों की लिखित प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। एआरएम नरेश गुप्ता ने बताया कि मथुरा जनपद में करीब 12 बस अड्डे हैं। इनमें से उन बस अड्डों को चिन्हत किया गया है जो निष्प्रायोज्य हैं। मथुरा जनपद में छाता, कोसीकला, फरह और राया के बस स्टैण्डों को इसके लिए चिन्हित किया गया है। जैसे ही नीलामी के लिए आदेश आयेगा प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## पुलिस मुठभेड: अनिल हत्याकांड की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू

मथुरा। 26 अक्टूबर को हुई पुलिस मुठभेड में मारे गये अनिल की हत्या की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू हो गई है। नगर मजिस्ट्रेट के मुताबिक 26 अक्टूबर को वांछित अभियुक्त अनिल उर्फ अमित, झूथरा उर्फ अंकित चौहान पुत्र रमेश उर्फ राजेन्द्र निवासी गेयसिंहपुरा थाना मोहम्मदाबाद जिला फर्रूखाबाद एसटीएफ नोएडा व प्रभारी निरीक्षक थाना नौहझील की संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम परसौली के जंगल में हुई मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। घटना में अभियुक्त अनिल उर्फ झूथरा उर्फ अंकित चौहान की मृत्यु हो गयी थी।

जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र द्वारा इस प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच करने कराने के लिए नामित किया गया है। इस जांच में किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल एवं किसी संस्था आदि को लिखित या मौखित साक्ष्य बयान देने हैं, तो वह कार्यालय में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है।

## जानिये...जिला अस्पताल के बार बार निरीक्षण का सच!

### -डायलासिस विभाग में छह की छह मशीन खराब

### -एक्सरे, ब्लड बैंक, इमरजेंसी में भी हालत एक जैसे

मथुरा। स्टाफ की कमी से जूझ रहे जिला चिकित्सालय में बेहद महत्वपूर्ण यूनिटों का हाल भी ठीक नहीं हैं। यहां तक डायलिसिस जैसे महत्वपूर्ण विभाग में छह की छह मशीनें खराब हैं। रात के समय महिला चिकित्सालय में चिकित्सक नहीं रहते हैं। यह समस्या पुरानी हो चली है। एक्सरे मशीन अपनी क्षमता से कई गुना ज्यादा एक्सरे प्रतिदिन कर रही है फिर भी दो से तीन गुना मरीज बिना एक्सरे के ही वापस लौट जाते हैं। ब्लड बैंक से लेकर इमरजेंसी तक का यही हाल है। कभी रेबीज के इंजेक्शन खत्म हो जाते हैं तो कभी जानबूझ कर चिकित्सक बाहर की दवाएं लिखते हैं। यह सब मंत्री, सांसद, मयेर से लेकर विभागीय अधिकारियों के एक के बाद एक होने वाले दनादन और तूफानी निरीक्षण दौरों के बाद है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब सब कुछ इस हालत में है तो ये निरीक्षण क्यों करते है और इन निरीक्षणों में किया क्या जाता है?

अब बात करते हैं बेहद महत्वपूर्ण और आवश्यक डालासिस विभाग की। यह विभाग करोडों रूपये खर्च कर तैयार किया गया है। यहां डायलिसिस की छह मशीनें लगी हूई है। जिनमें से वर्तमान में एक भी मशीन काम नहीं कर रही है। मशीनों के खराब होने का सिलसिल इसी साल मई के महीने से शुरू हुआ था। विभाग को ठेके पर संचालित कराया जा रहा है।डीसीडीसी कंपनी को इसका ठेका दिया हुआ है।डायलिसिस विभाग के प्रभारी चंद्रगुप्त के मुताबिक मई में पहली मशीन खराब हुई। इसे सही करने के लिए तभी लिख दिया गया था। इसके बाद अक्टूबर में दूसरी मशीन खराब हो गई और इसके बाद एक एक कर बाकी मशीनें खराब होती चली गई। इन के बारे में समय से सूचना दी जाती रही। मशीनों को सही करने के लिए इंजीनियर नहीं आ पा रहे हैं। इसके लिए कोरोना और लॉकडाउन को जिम्मेदार माना जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक दो दिन में सब सही हो जाएगा। इससे भी बडी परेशान जिला चिकित्सालय में स्टाफ की कमी रही है। जितना स्टाफ आज से 20 से 25 साल पहले थे अब उसका चौथाई भी नहीं रह गया है जबकि मरीजों की संख्या कई गुना बढ चुकी है। एक्सर चिकित्सक के नहीं होने का खामियाजा मरीजों को भुगतना पडता है। स्वस्थ्य केंद्रों का भी हाल ठीक नहीं भारतीय किसान यूनियन भानू ने अपने मांग पत्र में भी स्वास्थ्य सेवाओं को सामिल किया है। प्रदेश सलाहकार श्यामपाल सिंह ने कहा कि बलदेव में डोरीलाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो कि आवासीय अस्पताल है लेकिन यहाँ पर रात्रि में कोई ड्यूटी पर नहीं मिलता । स्वास्थ केंद्र पर ज्यादातर डॉक्टर आगरा से आते हैं जो कि 11-12 बजे से पहले मरीज नहीं देखते। स्वास्थ केंद्र पर बिना पैसों के रेबीज के इंजेक्शन नहीं लगाये जाते हैं।

## कांग्रेस ने मनाया विजय दिवस

मथुरा। कांग्रेस ने हालीगेट स्थित महानगर कार्यालय पर 1971 में पाकिस्तान पर मिली भारत की जीत के उपलक्ष्य में विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी ने कहाकि पूरे एक साल इस जीत का जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने कहाकि यह वह युद्धा था जिसमें हमने पाकिस्तान को ही नहीं हराया बल्कि अमेरिका की आंखों में आंख डाल कर बात की थी। यह हमारे स्वाभिमान का दिवस है। यह दिन हमें हमारे जांबात देशभक्त सेनिकों सौंपा है। हम अपने सैनिकों का ऋण कभी नहीं चुका सकते, यह बस एक कोशिश है उनके बलिदान और साहस को नमन करने की। महानगर अध्यक्ष उमेश शर्मा ने कहा कि स्वर्णिम विजय वर्ष की शुरूआत हो रही है। 1971 में नई शौर्य गाथा लिखी गई थी। इसे देश हमेशां याद रखेगा। इस दौरान में तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।



# किसानों की चौपाल में सपाई बोले मोदी सरकार ने किया किसानों को बर्बाद

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के निर्देश में समाजवादी चौपाल लगाकर किसानों को संबोधित किया



हरदोई समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने सुरसा ब्लाक के ओदरा पचलाई , कन्हईपुरवा, मोहरा, पौथेपुरवा गांव में किसानों के समर्थन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने एम एस पी खत्म कर देश के किसानों को बर्बाद कर दिया है उन्होंने कहा कि इस कानून के रहते अरबपति लोग व बिचौलिये किसान की फसल औने पौने दाम पर खरीदेंगे किसान बहुत परेशान है उन्होंने कहा कि मोदी योगी जी की सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है सरकार किसानों की बात न सुनकर किसानों पर जबरन ऐसा कानून लाद रही जिससे किसान बर्बाद हो जाएंगे मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है योगी सरकार ने किसानों के गन्ने का 16 हजार करोड़ बकाया भुगतान नहीं है सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कि मोदी सरकार को किसान हित में किसान विरोधी कानून वापस लेने चाहिए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की मांग का समर्थन करती है व किसानों के हर सुख दुःख में साथ खड़ी है सपा जिलाध्यक्ष ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी व उनकी सपा सरकार आने पर मद्त का वादा किया। चौपाल को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह, सुरसा ब्लाक अध्यक्ष सन्तोष वर्मा नगर अध्यक्ष रियाशत खां,अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष सईद ,नगर महासचिव सूरज सत्यार्थी , ब्लाक महासचिव ऊत्तम यादव, उपाध्यक्ष प्रबुद्ध सभा परमदत्त मिश्रा , ग्राम प्रधान रघुवीर यादव, वीरपाल सिंह ने सम्बोधित किया।

# स्मृति व दानिश बने मिस व मिस्टर फोटोजेनिक, निधि को मिला मिसेज फोटोजेनिक का खिताब







अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में मिस, मिस्टर एंड मिसेज फोटोजेनिक ऑनलाइन –सीजन 2 प्रतियोगिता के अंतिम 3 वर्गों के परिणाम घोषित होने के साथ प्रतियोगिता समाप्त हो गई है। प्रतियोगिता के आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि 6 वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 16 साल से 25 साल तक की लड़कियों के वर्ग में हरदोई की स्मृति पाण्डेय ने मिस फोटोजेनिक का खिताब जीता। लखनऊ की आँचल सक्सेना द्वितीय व हरदोई की प्रिया मिश्रा तृतीय रहीं। मयूरी द्विवेदी व वैशाली दीक्षित को सांत्वना पुरस्कार मिला। सीनियर लड़कों के वर्ग में मिस्टर फोटोजेनिक का खिताब दानिश शेख को प्राप्त हुआ। लखनऊ के राजवर्धन सिंह द्वितीय व दिल्ली के रेशु द्विवेदी तृतीय रहे। प्रियांशु शुक्ला को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। विवाहित महिलाओं के वर्ग में हरदोई की निधि शुक्ला ने मिसेज फोटोजेनिक का खिताब जीता। लखनऊ की महिमा सिंह द्वितीय व लखनऊ की दीप्ति जेटली तृतीय रहीं। नासिक की ज्योति सचिन पाटिल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णय मिसेज इंटरनेशनल 2019 शिल्पी अवस्थी, मिसेज इंडिया अर्थ 2018 डॉ पूजा त्रिपाठी ने दिया। कार्यक्रम का संयोजन आयुषी अस्थाना, साक्षी वर्मा, शिवानी मिश्रा व पलक शर्मा ने किया। सहयोगियों के तौर पर कृष्णा शर्मा, अमित गुप्ता, शिवम कपूर, दीपक कपूर, अनुराधा मिश्रा, लीला पाठक, हरप्रीत कौर, अखिलेश गुप्ता, रविकिशोर गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, महेंद्र श्रीवास्तव व श्रेय मिश्रा का योगदान रहा।

# मानक के अनुरूप उचित केस का ही भुगतान किया जाये– जिलाधिकारी

आयुषमान भारत के अन्तर्गत गठित शिकायत समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने निजी अस्पतालों के आयुषमान भारत के तहत भुगतान के लिए आये क्लेमों की समीक्षा करते हुए 43 क्लेम में 17 को निरस्त कर दिया तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सूर्यमणि त्रिपाठी से कहा कि आयुषमान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों के आये क्लेम के सम्बन्ध में संबंधित अस्पताल में टीम भेजकर आयुषमान भारत के तहत किये गये मरीज की भर्ती एवं जांच रिपोर्ट आदि का ऑनलाइन एवं आफलाइन प्रपत्रों का निरीक्षण करायें तथा मानक के अनुरूप उचित केस का ही भुगतान किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी निधि गुप्ता वत्स, डा0 सुशील कुमार, विवेक मिश्रा, एवं निजी अस्पताल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति, शासी निकाय की बैठक 21 दिसम्बर को– सी0एम0ओ0

मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सूर्यमणि त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि जिला स्वास्थ्य समिति, शासी निकाय की बैठक 21 दिसम्बर को सायं 03.00 बजे जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में आहूत की गयी है। उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं सदस्यों से कहा है कि उक्त बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## महिला शसक्तीकरण तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सचिवध्तहसीलदार विधिक सेवा प्राधिकरण बिलग्राम मूसाराम की अध्यक्षता में तहसील बिलग्राम सभागार में विगत विधिक सारक्षता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार ने मुख्य रूप से महिला शसक्तीकरण तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवक संघ के सदस्य प्रदीप कुमार, प्रेमचन्द्र, वीरेन्द्र कुमार तथा रूबी देवी आदि मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

संवाददाता

गोण्डा। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय के निर्देशानुसार गत बुधवार को वृद्धाश्रम, गोण्डा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्रभारी सचिव,सिविल जज (सी0डि0) रविशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रभारी सचिव द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के बावत जानकारी देते हुए बताया गया कि जीवन को मुख्यतः तीन अवस्थाओं में बांटा गया है–बाल्यावस्था, युवावस्था तथा वृद्धावस्था। जिस प्रकार बाल्यावस्था के बाद युवावस्था आती है, ठीक उसी प्रकार युवावस्था के बाद वृद्धावस्था आती है, इसलिए हर कोई सदैव युवा रहने का स्वप्न देखता है। वृद्धावस्था में उसे समाज एवं परिवार की नजरों में बोझ, अनुपयोगी आदि समझे जाने से उसे मानसिक पीड़ा होती है। जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक सबके लिए विशिष्ट था, महत्वपूर्ण था, अचानक ही उसे बोझ समझा जाने लगता है, जब उसके मान–सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है और वह मानसिक रूप से स्वयं को अकेला पाता है तो वह उसके जीवन का सबसे कठिन समय होता है। आज हममें से बहुत से लोग बुजुर्गों के महत्व से भली–भांति परिचित नही हैं। बड़े बुजुर्गों से परिवार में अनुशासन बना रहता है। अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बुजुर्गों के अनुभव बहुत उपयोगी सिद्ध होते हैं। वृद्धावस्था व्यक्ति के आराम करने की अवस्था होती है। वह जीवन भर दूसरों की जरूरतों को पूरा करने और अपने कर्तव्यों को निभाने में ही लगा रहता है। सभी व्यक्तियों को यह मानसिक रूप से स्वीकार कर लेना चाहिए कि वृद्धावस्था एक न एक दिन सबके जीवन में आती है। वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार न करना पूर्णतः अनैतिक है, इसीलिए हमें उनका महत्व समझते हुए उनका सम्मान करना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए। उनकी उपस्थिति तथा मार्गदर्शन परिवार और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी है। यदि आज हम उनका सम्मान करेंगे, तभी हम अपनी आने वाली पीढ़ी से सम्मान पाने के अधिकारी होंगें।

# हरदोई में डीएम के कड़े निर्देश बढ़ती ठंड को देखते जगह जलवाए अलाव

संवाददाता राम लखन गौतम के साथ यूपी हेड रामशरण कटियार की रिपोर्ट

आपको बताते चलें कि जनपद हरदोई में आज दिनांक 17 दिसंबर 2020 को बढ़ती शीत लहर के मद्देनजर लोगो को ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से डीएम अविनाश कुमार के निर्देशों के क्रम में आज जनपद की सभी तहसीलों में बस स्टैंड विभिन्न चौराहा आदि में अलाव जलाए गए साथ ही रात में ठंड से बचाव के लिए दूर दराज से आए लोगों के रुकने के लिए रैन बसेरा सही से बने है की नहीं इसको देखा गया इसी क्रम में सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारियों द्वारा भ्रमण किया गया साथी कंबल वितरण भी किया। बढ़ती शीतलहर को देखते हुए शाहाबाद बस स्टैंड, अल्लापुर तिराहा महुआ रोला चुंगी पिहानी चुंगी पाली तिराहा वाजिद नगर चौराहा पिहानी बस स्टैंड गोपामऊ चुंगी लाखन सिंह मकान के पास आवरी आदि आदि जगहों पर अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रबंध जिलाधिकारी द्वारा किया गया।







# अज्ञात कारणों से लगी आग कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जमुना खेड़ा गांव में गांव के बाहर स्थित जंगलों में अचानक आग लग गई। आग का विकराल रूप देख ग्रामीणों ने आनन–फानन चौकी पुलिस को सूचना कर फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और चौकी पुलिस ने आनन फानन आग पर काबू पाया।

इस संदर्भ में चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र के जमुना खेड़ा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड को सूचना कर मयफोर्स के मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया जाने लगा लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर रखा था तभी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आनन–फानन आग पर काबू पाया।इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ।



# भोजन, साफ–सफाई आदि व्यवस्था ठीक रखने के साथ बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें–डी0एम0

## उन्मुखी कार्यक्रमों में शिक्षक, अभिभावक, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी आदि की भागीदारी हो–अविनाश

हरदोई,। कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत जिलाा बाल संरक्षण समिति की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि समिति के सदस्य नियमित रूप से बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण करें और बच्चों के भोजन, साफ–सफाई आदि व्यवस्था ठीक रखने के साथ उनके शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देते हुए कापी–किताब उपलब्ध करायी जायें। बैठक में जिला प्राधिकरण सचिव सबीहा खातून ने बताया कि बाल सम्प्रेक्षण गृह में काफी बच्चे खुजली आदि से पीड़ित है, इस पर जिलाधिकारी ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 स्वामी दयाल को निर्देश दिये कि डाक्टरों की टीम भेज कर बच्चों का परीक्षण करायें तथा उन्हें उचित दवायें उपलब्ध कराते हुए एक स्टाप नर्स की नैतानी भी करें।



उन्होने जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह से कहा ब्लाक स्तरीय बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय करें और बाल संरक्षण उन्मुखी कार्यक्रमों में शिक्षक, अभिभावक, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी को भी बुलाकर बच्चों के संरक्षण आदि के बारे में विस्तार से बताया जायें तथा जोखिम ग्रस्त बच्चों के बारे में जानकारी हासिल की जाये कि वह किस कारण चुपचाप एवं सहमे रहते है और उनकों मानसिक रूप से स्वस्थ्य बनाने के लिए उनके अभिभावकों आदि से वार्ता करें और बच्चों की समस्याओं को सुलझाने में मदद करें। बैठक में श्रम विभाग द्वारा बाल श्रमिक अभियान न चलाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि इस लापरवाही पर सहायक श्रमायुक्त और स्टाफ के विरूद्व कार्यवाही हेतु लेवर कमिश्नर को पत्र भेजें। बैठक में जिलाधिकारी ने अध्यक्ष बाल कल्याण समिति शिशिर गौतम से कहा उन्मुखी कार्यक्रमों रूपरेखा एवं तिथियों का निर्धारण कर समिति के अन्य सदस्यों से समन्वय बनाकर कार्यक्रमों का आयोजन करायें। बैठक में सदस्य बाल कल्याण समिति गिरिश कुमार द्विवेदी, जिला विद्यलाय निरीक्षक वीके दुबे, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रविकान्त शुक्ला, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, महिला कल्याण अधिकारी, महिलाा शान्ति केन्द्र प्रियंका पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष से टोल कर्मी की अभद्रता

## पूर्व में समाचार पत्रों की सुर्खियों में रहा है नवाबगंज टोल प्लाजा

## स्थानी पत्रकारों से लेकर आर्मी के जवानों से भी हुई है अभद्रता

## स्थानीय प्रशासन द्वारा बरती जाती है कार्यवाही के नाम पर कोताही



नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा पर बृहस्पतिवार सुबह किसान सम्मेलन में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ टोल प्लाजा कर्मचारियों ने अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। जिसकी सूचना क्षेत्र में आग की तरफ फैलने पर मोहान विधानसभा विधायक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता टोल प्लाजा पर पहुंचे। जहां पीड़ित पक्ष ने दो नामजद व अन्य अज्ञात टोल प्लाजा कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ कानपुर राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा पर बृहस्पतिवार सुबह भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी अन्य कार्यकर्ताओं के साथ किसान सम्मेलन में भाग लेने जा रहे थे। जहां टोल प्लाजा बूथ पार करने के दौरान उनका टोल कर्मचारियों से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान टोल कर्मचारियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता पूर्ण बर्ताव करते हुए मारपीट पर कर दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के मोबाइल भी छीन लेने की शिकायत है। जिसकी जानकारी पर मोहान विधायक बृजेश रावत व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। सूचना पर पहुंचे अजगैन कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सभी को लेकर कोतवाली गए। जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी के द्वारा दो नामजद व अन्य अज्ञात टोल प्लाजा कर्मचारियों के विरुद्ध गाली गलौज, मारपीट व मोबाइल छिनने का लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि घटना जानकारी में आयी है। जिसपर दोनों पक्षों को बुलाया गया है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# पुरानी रंजिश में अधेड़ की लाठी डंडों से पीटकर हत्या तीन घायल

बघौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शराब के नशे में गाली गलौज करने से मना करने पर दबंगों ने पति पत्नी समेत चार लोगों को लाठी डंडों से पीट पीट कर घायल कर दिया जिसमें इलाज के दौरान घायल पति की मौत हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार बघौली थाना क्षेत्र के अरमी गांव के मजरा करौंदी में गांव की सरला पत्नी श्रीकेशन द्वारा बघौली थानाध्यक्ष को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बुधवार की शाम को लगभग सात बजे वह अपने पति के साथ अपने घर के बाहर भैंस का दूध दुहने जा रही थी इसी बीच गांव के रहने वाले सुरेन्द्र, राजेश, शैलेन्द्र, कमलेश, रामखोलावन, शिवकुमार आदि शराब पीकर गाली गलौज करने लगे श्रीकेशन द्वारा गाली गलौज देने से मना करने पर उपरोक्त विपक्षियों ने लाठी डंडों से दोनों को पीटना शुरू कर दिया बचाने आए मोती वह जीतेराम को लाठी डंडों से पीटा घटना की जानकारी डायल 112 को होने पर मौके पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल हरदोई भेजा गया जहां देर रात इलाज के दौरान श्रीकेशन की मौत हो गई घटना की पृष्ठभूमि में बताया जा रहा है उपरोक्त दबंगों द्वारा 32 वर्ष पूर्व श्रीकेशन के पिता अर्जुन की हत्या की जा चुकी है । घटना की जानकारी प्राप्त होने पर क्षेत्राधिकारी बघौली उमाशंकर सिंह व बघौली निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज द्वारा घटना स्थल की जांच की गई व क्षेत्राधिकारी बघौली उमाशंकर सिंह द्वारा बघौली थाना प्रभारी को जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए आदेशित किया। थाना प्रभारी बघौली जितेंद्र मोहन सरोज द्वारा बताया गया कि अभियोग पंजीकृत कर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिसंगत कार्यवाही की जाएगी ।



# शिव शक्ति गैस एजेंसी की लापरवाही से टला बड़ा हादसा

शुक्लागंज गंगाघाट उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गजिया खेड़ा ग्राम कटहा दल नारायणपुर में सिलेंडर फटने से टला बड़ा हादसा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थनीय शिव शक्ति गैस एजेंसी शुक्लागंज गंगाघाट उन्नाव की उपभोक्ता है जिसका इनवॉइस नंबर 100675 है प्रार्थनीय गैस सिलेंडर का इस्तेमाल कर रही थी तभी लिकेज होने की वजह से गैस सिलेंडर के निचले तल पर आग लग गई जिससे सिलेंडर फट गया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया सिलेंडर फटने की वजह से आसपास के मकान हील गए तथा जिस घर में सिलेण्डर था उस घर की छत व छज्ज भी उड़ गया गजिया खेड़ा निवासी राम देवी पत्नी रामगुलाम ने बताया कि वह भारत गैस के अंतर्गत शिव शक्ति गैस एजेंसी की उपभोक्ता है जो कई सालो से उपयोग करती चली आ रही है आज 17 दिसंबर को वह गैस में खाना बना रही थी तभी सिलेंडर में लिकेज होने से अचानक आग लग गयी जिससे वह व उसके परिवार वाले बाहर भाग गए आग इतनी भयानक थी की थोड़ी देर बाद सिलेंडर फट गया जिससे आस पास के लोग दहसत में आ गए रामदेवी ने बताया है कि उसने थाने में प्राथर्ना पत्र दिया है कि गैस एजेंसी की लापरवाही से कई जाने चली जाती और उसने उचित कार्यवाही की मांग की है।

# 94वें बलिदान दिवस पर याद किए गए अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी

संवाददाता

गोण्डा। ''शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा'' के संकल्प के साथ स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के 94वें बलिदान दिवस के अवसर पर जिला कारागार में आर्य समाज द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ हवन–पूजन एवं शांति पाठ सम्पन्न कराया गया। लाहिड़ी जी के बलिदान दिवस पर अमर शहीद को बतौर मुख्य अतिथि जनपद के जिला जज, जिलाधिकारी व मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सहित अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जिला कारागार में हवन–पूजन करने के उपरान्त जिला जज, डीएम, सीजेएम, विधायक सदर बलरामपुर पल्टूराम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने जेल परिसर में लाहिड़ी जी के बलिदान स्थल पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी शहादत को याद किया।

अमर शहीद लाहिड़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त लाहिड़ी को सलामी दी गई और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। श्रद्धांजलि सभा एवं सलामी के उपरान्त आयोजित समारोह में सर्वधर्म समभाव के तहत सभी धर्मों के धर्म गुरूओं द्वारा शांति किया गया। इस अवसर पर लाहिड़ी के जीवन एवं बलिदान पर प्रकाश डालते हुए जिला जज संजय शंकर पाण्डेय ने अमर शहीद लाहिड़ी के अन्तिम वाक्य ''मैं मरने नहीं जा रहा, अपितु आजाद भारत में पुनर्जन्म लेने जा रहा हूं'' दोहराते हुए कहा कि लाहिड़ी जी का जीवन राष्ट्र प्रेम का एक जीवन्त उदाहरण है। हम सबको उनसे प्रेरणा लेते हुए देश हित के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए, यही लाहिड़ी जी के लिए सच्ची श्रृद्धान्जलि होगी। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि लाहिड़ी जी जैसे व्यक्तित्व और सच्चे राष्ट्र भक्तों के बलिदानों के कारण ही हम सब भारतीय आज आजाद भारत में सांस ले पा रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में घायल जीआईसी तुर्रा पिपरी के वरिष्ठ लिपिक की मौत

## अज्ञात वाहन की हेडलाइट की चमक से धोखा खाकर अनियंत्रित बाइक सवार गिरे

संवाददाता

दुद्धी (सोनभद्र)। कोतवाली क्षेत्र के पुनर्वास महुअरिया गांव में रात्रि 11 बजे एक अज्ञात वाहन के हेडलाइट की चमक से शादी कार्यक्रम में शामिल हो वापस आ रहें तुर्रा पिपरी राजकीय इंटर कॉलेज के वरिष्ठ लिपिक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़े जिससे बाइक चालक उनके पुत्र समेत वे गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते रिस्तेदारों ने उन्हें निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया ,जहां चिकित्सक ने पिता को मृत घोषित कर दियाद्यमृतक जीआईसी तुर्रा में वरिष्ठ लिपिक पद पर कार्यरत थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित राम 58 वर्ष पुत्र सूबेदार ग्राम निवासी मनबसा थाना दुद्धी व उनका बेटा पवन कुमार 25 पुनर्वास महुअरिया में किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे ,कार्यक्रम में शरीक होने के बाद बाप व बेटे अपने निजी बाइक होण्डा साइन से मनबसा वापस जा रहे थे ,कि रास्ते मे एक सामने से आ रहे वाहन की हेडलाइट पड़ी और वे अनियंत्रित होकर गिर पड़े जिससे बाइक पर पिछले सीट पर बैठे पिता रोहित राम गंभीर रूप से घायल हो गए वही चालक बेटे को भी चोट आई ,बेटे ने रिस्तेदारों को घटना की सूचना दी ,आनन फानन में मौके पर पहुँचे रिस्तेदारों ने दोनों घायलों को दुद्धी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक डॉ सत्येंद्र कुमार ने रोहित राम को मृत घोषित कर दिया ,वहीं उनके छोटे बेटे का प्राथमिक उपचार किया जिसकी हालत ठीक हैद्य इसकी सूचना अस्पताल के मेमो पर दुद्धी कोतवाली को भेज दी गयी ,वही सूचना पर आज सुबह अस्पताल परिसर में परिजनों की भीड़ पहुँचने लगी और लोग व महिलाएं दहाड़े मार कर रोने लगे।

# इटावा विकास भवन में पेंशनर दिवस पर सुनी गई समस्याएं

संवाददाता

चकरनगर/इटावा। विकास भवन में कोषागार विभाग इटावा द्वारा पेंशनर दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में जनपद के पेंशनरों की कई समस्याएं सुनी गईं। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक व वरिष्ठ कोषागार अधिकारी ब्रजेश कुमार गोस्वामी ने कहा कि,आपकी सभी समस्याओं को हम जिलाधिकारी महोदया से अवश्य ही अवगत कराएंगे। सहायक कोषाधिकारी व पेंशन विभाग के प्रमुख आशुतोष भट्टाचार्य ने कहा कि, यदि आपकी कोई समस्या हो तो मुझे अवश्य बताये लेकिन हमें आप सभी कुछ समय भी अवश्य दीजिये जिससे कि हम आपका कार्य भी समय से पूर्ण कर सके और किसी भी त्रुटि की पुरावृत्ति भी पुनः न हो। सभागार में मौजूद डीपीआरओ ने सभी कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि, कोई भी सरकारी कर्मचारी पेंशनरों से अपने आपको अलग न समझे क्यों कि, आपको भी इसी जगह एक दिन आना है। हमे चाहिये कि हम सभी पेंशनर को उनका पूरा सम्मान दें । जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने कहा कि, याद रहे कि,जो आज सेवा में है वे ही कल सेवानिवृत्त भी होंगे । यदि हमारे विभाग की कोई समस्याएं हो तो आप लोग कृपया हमें अवश्य बतायें हम आपकी समस्या का पूरा हल करेंगे । जिला बेसिक शिक्षा विभाग से पधारे वित्त लेखाधिकारी आशुतोष ने कहा कि, आप जो भी पेंशनर है हमे 15 दिन के समयांतराल में अवश्य अवगत कराएं जिनका भी पुनरीक्षण लम्बित है उसका निराकरण किया जायेगा । विभिन्न वक्ताओं के क्रम में जिला गवर्नमेंट सिविल पेंशनर एसोसिएशन इटावा के जिलाध्यक्ष व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बृजानन्द शर्मा ने कहा कि, आज इस पेंशनर दिवस पर में यही कहूंगा कि पेंशन की समस्याओं को हल करने के लिये शासन द्वारा हर विभाग में अलग से एक विशेष बाबू की व्यवस्था भी होनी चाहिये क्यों कि अक्सर हमारे कागज पता ही नहीं कहा अटक जाते हैं। जिसका हमे पता नही चलता है। हम सब भी वरिष्ठ नागरिक है हमे भी सभी सुविधाएं मिलनी ही चाहिये । आज पेंशनर दिवस पर किस विभाग से कितने अधिकारी या कर्मचारी सभागार में उपस्थित है यह भी जानकारी हम सभी पेंशनर को पेंशनर दिवस पर होनी ही चाहिये । मेरा निवेदन है कि, प्रत्येक पेंशनर को जीवित प्रमाण पत्र समय से भरना चाहिए । उन्होंने यह भी कहा कि,बैंको से समय से मेसेज नहीं आता है, बैंको में लगी लाइने बहुत लम्बी होती है लाइनों का ठीक से पालन भी नहीं होता है। पुनरीक्षित वेतनमान के कई मामले भी लम्बित है।

जिलाधिकारी की तरफ से समस्या समाधान को लेकर हम पेंशनरों की कोई मासिक बैठक भी कभी आयोजित नहीं होती है। आज बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी पेंशनर दिवस की इस बैठक में उपस्थित नहीं हुआ इस पर उन्होंने नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने वरिष्ठ कोषधिकारी को अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन भी सौंपा । वन विभाग पेंशनर कल्याण संघ से आनन्द नारायन दुबे ने कहा कि, कोरोना काल मे हम पेंशनर की अभी समस्याएं सुनने व समय से निराकरण करने के लिये में वरिष्ठ कोषाधिकारी का विशेष आभार भी व्यक्त करता हूँ। हम पेंशनर को कोषागार से कोई भी परेशानी कभी नहीं होती है। मै यह कहना चाहूंगा कि जो भी अधिकारी है वे भी किसी एक दिन अवश्य ही रिटायर होंगे अतः उन सभी को हम सभी पेंशनर का सहयोग अवश्य ही करना चाहिये। प्राथमिक शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधि चन्द्र प्रकाश शाक्य ने कहा कि, ट्रेजरी में हमारी सभी समस्याएं सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सुनी जाती है व उनका निराकरण भी होता है। लेकिन जिनका पेंशन पुनरीक्षण 2016 से नहीं हुआ है कृपया वह भी अवश्य पूर्ण किया जाये ।

डिप्लोमा इंजीनियर संघ से जुड़े सेवानिवृत इं0 शिवराज सिंह ने कहा कि, सिचाई विभाग से सम्बंधित हमारी कुछ समस्याएं है जिसमे हमारे एक साथी का 1991 से 98 का एरियर अभी तक नहीं बन सका है। गवर्नमेंट पेंशनर महासंघ के अध्यक्ष साधौ सिंह ने भी अपने साथियों की समस्याएं रखीं। कार्यक्रम संचालक अरविंद धनगर के आवाह्न पर पेंशनर दिवस के अवसर पर इस वर्ष दिवंगत हुये अपने पेंशनर साथियों की आत्मा की शांति के लिऐ दो मिनट का मौन भी रखा गया। आज इस बैठक का अयोजन कोषागार इटावा द्वारा किया गया। मंच का सफल संचालन एकाउंटेंट कोषागार अरविंद धनगर ने किया।

# धमकी व गलत आरोप लगाये जाने पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता

लखनऊ। मऊ जिले के घोसी से सांसद अतुल राय के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा लिखवाने वाली युवती तथा उनके सहयोगी द्वारा आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर तथा उनके परिवार वालों के खिलाफ अनुचित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किये जाने के संबंध में थाना गोमतीनगर में एफआईआर संख्या 991ध्2020 धारा 504,506, 507 आईपीसी दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक दयाराम साहनी द्वारा की जा रही है। एफआईआर के अनुसार दिनांक 06 नवम्बर 2020 को रात्रि लगभग 21.18 बजे युवती तथा दिनांक 07 नवम्बर को समय 11.42 बजे उनके सहयोगी द्वारा अमिताभ को फोन कर दवाब बनाने तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देने, अतुल राय से पैसे लेकर तथा राजनैतिक पार्टी का एजेंट बन कर ऐसा करने जैसे तमाम आरोप लगाये जाने का कार्य किया। इसके बाद इन दोनों व्यक्तियों द्वारा विडियो के माध्यम से पुनः अतुल राय से पैसे लेने तथा उनका एजेंट बन कार्य करने के मनगढ़ंत आरोप लगाये गए। साथ ही अमिताभ की पुत्री के सन्दर्भ में भी आपत्तिजनक बातें कह रही हैं। ये दोनों व्यक्ति अमिताभ के गोमतीनगर स्थित आवास पर गए जहाँ उन्होंने जबरदस्ती फेसबुक लाइव ऑन कर विडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। अमिताभ की पत्नी डॉ नूतन ठाकुर से वार्ता के समय बिना उनकी मर्जी के इस पूरे संवाद को जबरदस्ती रिकॉर्ड किया और काफी ऊँची आवाज में तमाम निरर्थक, अनुचित तथा आपत्तिजनक बातें कहीं। एफआईआर के अनुसार जब अमिताभ ने एफआईआर हेतु आवेदन किया तो पहले थाना गोमतीनगर ने यह कहते हुए एफआईआर करने से मना कर दिया कि इस मामले में थाना लंका, जनपद वाराणसी में मुकदमा दर्ज है। इस पर अमिताभ ने आपत्ति करते हुए कहा कि थाना लंका और उनके साथ घटी घटना पूरी तरह अलग–अलग हैं, जिसके बाद लखनऊ पुलिस द्वारा भूल सुधार करते हुए यह मुकदमा दर्ज किया गया।

# पंचायत भवन के पास पड़ी बालू डस्ट एवं पीली ईंटे कराए गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता बया कर रही

संवाददाता

उन्नाव फतेहपुर चौरासी। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड की एक ग्रामपंचायत में भृष्टाचार चरम पर है ।वर्तमान प्रधानी का कार्यकाल अंतिम चरण में होने के कारण यहां प्रधानप्रतिनिधि पर अधिकारियों का दबाव भी शून्य है ।पिछली प्रधानी में मलाई काट चूके प्रधानप्रतिनिधि सहखातेदार के साथ मिलकर सरकारी धन का जमकर दुरूपयोग करने में व्यस्त है ।ग्रामपंचायत में लाखों रुपयों की लागत से निर्मित कराया जा रहा पंचायत भवन भी इनकी खाऊ कमाऊ नीति के भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

ज्ञातव्य हो कि आगामी 25 दिसम्बर से वर्तमान ग्रामप्रधानों का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है ।पूर्ण हो रहे कार्यकाल के समय ग्रामसभा में बचे सरकारी धन से ग्रामप्रधान कमाई का कोई भी मौका छोड़ना नही चाह रहे है ।क्षेत्र की ग्रामसभा सरहा सकतपुर में निर्मित हो रहे पंचायत भवन का स्थिति भी बेहद दयनीय है ।ग्रामसभा में पत्नी प्रधान है पति प्रधानप्रतिनिधि के रूप में काम करते है ।पिछले पंच वर्षीय कार्यकाल में स्वयं प्रधान रह चुके जानकर प्रधानपति की भाषा शैली जितनी मधुर है उससे कहीं अधिक सरकारी धन को अपना समझकर खर्च करने की काबिलियत भी रखते है ।प्रधानप्रतिनिधि द्वारा पिछले दस वर्षों के अपने कार्यकाल में बड़े बड़े कारनामे किये गए जिसकी स्थानीय ग्रामीणों ने समय समय पर उच्चाधिकारियों से शिकायत भी दर्ज कराई किन्तु इनकी राजनैतिक पकड़ एवं धनबल के आगे सब बौना हो गया ।मौजूद समय मे ग्रामसभा में लाखों रुपयों के बजट से प्रधानप्रतिनिधि के स्वयं की देखरेख में पंचायत भवन बनवाया जा रहा है ।पंचायत भवन के पास पड़ी बालू डस्ट एवं पीली ईंटे कराए गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता का प्रमाण दे रहे है ।कार्य स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामसभा का मजरा सरहा गांव क्षेत्र की मुख्यमार्ग कालीमिट्टी दबौली मार्ग के निकट है तथा वहा भूमि भी उपलब्ध है किन्तु प्रधानप्रतिनिधि ने अपना रुतबा कायम रखने के लिए अपने गांव सकतपुर में ताल की भरान वाली जगह पर पंचायत भवन बनवाया जा रहा है ।ग्रामीणों की माने तो गांव में कभी भी कोई अधिकारी हो रहे निर्माण कार्य की जांच करने नही आता है यह निश्चित रूप से बड़ी मिलीभगत की ओर इशारा करता है ।अखबार के प्रतिनिधि द्वारा पंचायत भवन प्रकरण को लेकर जब ग्राम पंचायत के सचिव से सम्पर्क करने की कोशिश की गई तो सचिव महोदय अपने कार्यालय में नही मिले वही दूरभाष पर सम्पर्क करने पर महोदय का नम्बर बन्द रहा जिससे पंचायत भवन प्रकरण पर सचिव महोदय की प्रतिक्रया स्पष्ट नही हो सकी।

# नकाबपोश महिला शिक्षक नेता के मकान के अंदर घुस आई शिक्षक नेता के सात वर्षीय पौत्र को गन प्वाइंट पर ले लिया

संवाददाता

बांगरमऊ उन्नाव । कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर आज एक नकाबपोश महिला शिक्षक नेता के मकान के अंदर घुस आई और शिक्षक नेता के सात वर्षीय पौत्र को गन प्वाइंट पर ले लिया। तब तक घर के आंगन से दौड़ी शिक्षक नेता की पत्नी ने महिला को दबोच लिया। लेकिन नकाबपोश महिला किसी तरह गृहस्वामिनी से अपना हाथ छुड़ाकर भाग खड़ी हुई।

कोतवाली गेट से मात्र 50 मीटर की दूरी पर माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता एवं सुभाष इंटर कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षक धीरेंद्र कुमार शुक्ला का मकान स्थित है। आज शिक्षक नेता के दोनों पुत्र वैभव शुक्ला और विकास शुक्ला व्यवसायिक सिलसिले में बाहर गए थे। श्री शुक्ल की पत्नी शशि शुक्ला व उनकी दोनों पुत्र वधू घर के अंदर घरेलू काम करने में जुटी थी। जबकि वैभव शुक्ला का पुत्र अग्रज मकान के फाटक के अंदर लान में खेल रहा था। तभी दोपहर के समय अचानक एक नकाबपोश महिला फाटक खोल कर घर के दाखिल हो गई और ऑनलाइन सामान लेने के बहाने अगर से अपनी मां को बाहर बुलाने के लिए कहा। बच्चे से बातचीत सुनकर जब श्रीमती शुक्ला मकान के लान में पहुंची। तभी नकाबपोश महिला ने अपने बैग से पिस्तौल निकालकर बच्चे की कनपटी पर लगा दिया और घर के अंदर चलने की धमकी दी। लेकिन शिक्षक नेता की पत्नी ने बहादुरी दिखाते हुए महिला का पिस्तौल सहित हाथ मजबूती से दबोच लिया। काफी छीना–झपटी के बाद अंततः श्रीमती शुक्ला की पकड़ ढीली पड़ गई और नकाबपोश महिला भागकर सकरी गलियों में गुम हो गई। भुक्तभोगी शिक्षक नेता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस नकाबपोश महिला की खोज करने में जुटी हुई है।

# पुलिस की फिर खुली पोल ,दिन दहाड़े बीच बाजार में जूते की दुकान से उड़ाए 35700

संवाददाता

फर्रुखाबाद । कस्बा नवाबगंज में मोहम्मद आसिफ पुत्र वली मोहम्मद निवासी गनीपुर जोगपुर के ही रहने वाले हैं इनकी मेन बाजार में जूते चप्पल की दुकान है मोहम्मद आसिफ अपने पुत्र असद को करीब 11:00 बजे दुकान पर बैठा कर घरआया था इसी बीच दुकानदार की दुकान पर मोटरसाइकिल स्प्लेंडर पर सवार होकर दो अज्ञात लोग आए इन लोगों ने खुद को दरोगा बता कर पुत्र से ध्500 मांगे इसके बाद उसने पैसे न होने के कारण उन युवकों ने बच्चे से चप्पल दिखाने को कहा कि बढ़िया सी चप्पल दिखाओ असद जैसे ही चप्पल निकालने के लिए अंदर आया उसी समय युवकों ने गुल्लक में रखें बैग निकाल कर ले गए उसमें रखे35700 रुपए पैन कार्ड आधार कार्ड भी रखे थे दुकानदार ने जब दुकान पर आकर गुल्लक देखी तो उसमें से उसका बैग भी गायब था और उसमें रखी नगदी ध्35700 भी गायब थे दुकानदार इधर उधर बाइक सवारों की तलाश करता रहा लेकिन कहीं भी दिखाई नहीं दिए इसके बाद दुकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया है।

## रेलवे लाइन के किनारे का अतिक्रमण हटाया गया

संवाददाता, रेणुकूट (सोनभद्र)। स्थानीय रेलवे स्टेशन से जोगीडीह की ओर जा रही रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए गुरुवार को फोर्स की मौजूदगी में 40 मीटर तक अतिक्रमण हटाया गया। रेलवे के धनबाद मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि रेलवे के दोहरीकरण कार्य के लिए गुरुवार को अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान रेलवे पुलिस फोर्स के साथ–साथ स्थानीय प्रशासन भी रेलवे के सहयोग में मौजूद रहा। पूर्व में अतिक्रमण किए गए लोगों को कई बार नोटिस जारी की गई थी और उनसे कहा गया था कि वह अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें। गुरुवार को जब फोर्स के साथ अतिक्रमण हटाने रेलवे के लोग पहुंचे तो यहां हड़कंप मच गया और लोग तत्काल अपना जरूरी सामान लेकर खुद ही हट गए। दोहरीकरण कार्य में 50 से 60 झोपड़ियां दायरे में आ रही थी जिन्हें गुरुवार को खाली कराया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी गिरधारी सिंह, आरपीएफ फोर्स के साथ पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय नव विवाहिता का शव अपने कमरे में फांसी पर लटकती मिली

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव । कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिखारीपुर पतसिया के मजरा गुलरिहा निवासी एक 20 वर्षीय नव विवाहिता ने अज्ञात कारणों से अपने कमरे में फांसी पर झूल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना मृतका के मायके भेज दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलरिहा निवासी मांधाता पुत्र रामसेवक का विवाह करीब 6 माह पूर्व प्रभा से हुआ था ।आज मांधाता खेतों पर काम करने गया था। घर में उसकी पत्नी प्रभा घरेलू काम कर रही थी। तभी दोपहर बाद अज्ञात कारण से प्रभा ने अपने कमरे की छत में लगे पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही आनन–फानन पति घर पहुंचा और घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे से नीचे उतारा।

# 24 घन्टे सेवाओं के डायग्नास्टिक सेंटर का हुआ उद्घाटन

संवाददाता

मोहम्मदी खीरी 17.12.2020 को तालिब अली चौराहे मोहम्मदी में सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ उद्घाटन, सेंटर संचालक मोहम्मद अलीमुद्दीन ने बतायां के सेंटर पर 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी इस सेंटर पर अल्ट्रासाउंड, एक्सरे सभी प्रकार की जांच ईसीजी ,पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है तथा बेहतरीन जांच के माध्यम से सभी सुविधा उपलब्ध रहेंगी आज सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्रीधविधायक प्रत्यासी 144–मोहम्मदी विधानसभा हाजी आर. ऐ.उस्मानी साहब व विशिष्ट अतिथि युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी और सपा के पूर्व अध्यक्ष सगीर सिद्दीकी और इस सेंटर के संचालक मोहम्मद अलीमुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भूपेश गुप्ता अब्दुल मन्नान सहित डॉक्टर तंजीम तथा डॉक्टर कार्तिक वर्मा मौजूद रहे।



# राधा कृष्ण प्रोडक्शन टीम के मेम्बर का बरेली आगमन 20 दिसंबर को

संवाददाता

पीलीभीत, स्टार भारत के शो राधा कृष्ण प्रॉडक्सन टीम के मेम्बर श्री बृजवीर सिंह 20 दिसंबर 2020 को उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित जागृति नगर मे आगमन करेंगे । श्री सिंह बरेली के गाव चकरपुरगही के मूल निवासी हैं । वर्ष 2010 से मुंबई फिल्म इंडस्ट्री मे कार्यरत हैं। आपको बता दे उन्होने कई एक हिन्दी फिल्मो के अलावा बहुत से टी.वी सीरियल मे बतौर प्रॉडक्सन एक्युकिटीवध प्रॉडक्सन मैनेजर काम किया है। वर्तमान में चल रहे सीरियल्स राधा कृष्ण स्टार भारत पे 9 बजे था जिसका टाईम बदलकर शाम 8बजे कर दिया गया है और देवी आदिपराशात्क्ती दंगल चौनल पे शाम 9 बजे । दोनो मे श्री सिंह का नाम देखा जा सकता है। बृजवीर सिंह समय सीमा को देखते हुये 10दिन की छुट्टी बिताते ही जल्दी मुम्बई रबाना हो जायेंगे।

## गलत नीतियों का विरोध करना लोकतांत्रिक हक–लालू यादव

संवाददाता



भदोही सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक सैयदराजा (चंदौली) मनोज कुमार सिंह श्डब्लूश की न्यायिक हिरासत को गलत ठहराया और चेताया कि जिला प्रशासन गलत कदम न उठाएं आखिर किसके इशारे पर सपा के राष्ट्रीय सचिव को जेल भेजा गया। कहा कि जल्द रिहाई नही हुई तो सपा के लोग रणनीति बनाकर सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। गत सोमवार को प्रदेश के सभी मुख्यालय पर धरना–प्रदर्शन आयोजित था लेकिन सपा के राष्ट्रीय सचिव को कानून व्यवस्था का हवाला देकर लोकतंत्र के नियमों का खुला उल्लंघन किया।

# लबेदी के बसैयाहार में चोरों ने एक मकान पर धाबा वोलकर चार लाख रुपये के स्वर्णाभूषण पार किये

संवाददाता

इटावा लखना लबेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बसैयाहार में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एक मकान में घर के पिछबाडे से दीबाल पर चढकर छत से कमरों में प्रवेश करके दो बख्शों व एक अटैची को साडी की रस्सी बनाकर पिछबाडे से उतारकर सरकारी नलकूप की कूल में खोलकर करीब 4 लाख रुपये के स्वर्णाभूषण व 20 हजार रुपये नगदी पार की। घटना की जानकारी परिजनों को उस समय मिली जब सुबह जागकर नाती के जन्मदिन की तैयारियां करने में जुटे थे। तब थाना पुलिस ने आकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया । इस लख्खी चोरी की घटना के सम्बंध में पीडित प्रमोद तिवारी पुत्र छक्कीलाल निबासी बसैयाहार ने बताया कि वह अपने पुत्र व पुत्र बहुओं के परिवार के साथ अलग अलग कमरों में लेटे हुए थे। कि तभी रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने मकान के पिछबाडे बाग से होकर मकान की दीबाल पर चढकर छत से आंगन में आकर कमरों में घुस गये जहां कमरों में रखे दो बख्शों व एक सूटकेश को उठाकर महिलाओं की साडी की रस्सी बनाकर पिछबाडे बाग से होकर उतार लिए व सरकारी नलकूप के पास बनी कूल में बख्शों व अटैची को खोलकर उसमें रखे 6 सोने की अंगूठी,1 मंगलसूत्र सोने का,एक जंजीर सोने की व चार चूडी सोने की व 20 हजार रुपये की नगदी को निकालकर बख्शे में रखे सामान को बाहर निकालकर फैंककर बख्शे व सूटकेश को वहीं पडा छोड गये। जब सुबह परिजन नाती के जन्मदिन को लेकर तैयारियां करने में जुटे तो कमरे में बख्शे व सूटकेश गायब मिला तो जब इधर उधर देखा तो घर से दूर बख्शे पडे मिले। वहीं इस चोरी की घटना से एक दिन पूर्व बकेवर थाना क्षेत्र के तीन गांवों में अलग अलग करीब 7 लाख रुपये की चोरियों की घटनाओं को अंजाम दिया। इसमें तो चोरों ने कटर से ताला सांकर को काटकर व बख्सों को दो भागों में बिभाजित करके स्वर्णाभूषण पार किये थे। इस चोरी की घटना की सूचना थाना लवेदी पुलिस को दी जिस पर थानाध्यक्ष सुरेश चन्द्र मय पुलिस फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे व बारीकी से निरीक्षण करते हुए शीघ्र चोरी की घटना का पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया।

# सराहनीय: नौ वर्ष से लापता चल रहे कादिर को पुलिस ने उसके परिजनों को सौंपा

संवाददाता

लखनऊ। नौ वर्ष पहले से लापता हुए मानसिक रूप से कमजोर




कादिर उर्फ बबलू पुत्र छेदी लाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी सराय अहराया थाना सुल्तानपुर घोष जिला फतेहपुर को मोहनलालगंज पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया। बीते कई दिनों से वह मोहनलालगंज में हाईवे के पास सड़क पर ही रह रहा था। कुछ दिन पहले तक कादिर ये सर्द रातों खुले आसमान के नीचे गुजार रहा था, जिसे बाद में तहसील प्रशासन ने रैनबसेरे में पहुँचा दिया था। वहीं, इसी दौरान मोहनलालगंज पुलिस कादिर को घर पहुँचाने के लिए तमाम प्रयास कर रही थी। और आखध्रिकार पुलिस ने गुरूवार को कादिर को उसके घर पहुँचा दिया। जानकारी के अनुसार करीब नौ वर्ष पहले कादिर दिल्ली से लापता हो गया था, कादिर के परिजनों ने तमाम कोशिश की बावजूद इसके वे कादिर को ढूंढने में असमर्थ रहें। वहीं, गुरूवार को मोहनलालगंज पुलिस ने कादिर को उसके परिजनों तक पहुँचवा दिया। पुलिस ने कादिर को उसके परिजन सज्जन अली पुत्र स्व. समीउद्दीन, अमीनुद्दीन को सौंप दिया। कादिर को इतने वक्त बाद सही सलामत देखकर कादिर के परिजनों की आँखे नम हो गई और वे पुलिस का आभार व्यक्त करने लगे।

## क्षेत्र पंचायत के 68 लाख रुपए के कार्यों पर लगी विकास की मोहर

संवाददाता

नवाबगंज फर्रुखाबाद। आज नवाबगंज विकासखंड पर ब्लाक प्रमुख डाक्टर अनीता रंजन ने क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक में 68 लाख रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव पास किए। साथ ही उनके साथ आए एक डॉक्टर ने फाइलेरिया संबंध में क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा प्रधानों को जानकारी दी। वही ब्लॉक परिसर में चल रहे क्षेत्र पंचायत द्वारा बनाए जा रहे हैं पार्क का निरीक्षण डॉ अनीता रंजन ने किया।

# सफाई कर्मियो व चेयरमैन के बीच हुये विवाद को लेकर माहौल रहा गर्म

## –लालगंज पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता

लालगंज रायबरेली ।नगर पंचायत लालगंज सफाई कर्मी की मौत व सफाई कर्मी के पुत्र अरविन्द के द्वारा चेयरमैन को थप्पड मारने सहित चेयरमैन व उनके साथियों के द्वारा सफाई कर्मचारी नेता राजेस गब्बर की पिटाई को लेकर दोनों पक्षों के धरने प्रदर्सन को लेकर गुरूवार को लालगंज नगर पंचायत गहमा गहमी व मामले का केन्द्र बिन्दु बना रहा ।सुबह से ही एसडीएम जीतलाल सैनी व सीओ इन्द्रपाल सिंह,एसओ लालगंज,एसओ खीरो,एसओ सरेनी नगर पंचायत मे डटे रहे ।एसडीएम ने जहां व्यापारियों को सफाई को लेकर मामला शीघ्र हल होने का आस्वासन दिया ।वहीं नगर पंचायत पहुंचे सफाई कर्मियों की यूनियन को भी मुकदमे मे नामजद आरोपियों की दो दिन के अन्दर गिरफ्तारी का आस्वासन देकर उनका भी धरना समाप्त कराया। गौरतलब है कि नगर पंचायत के संविदा सफाई कर्मी शीतला प्रसाद की मौत के बाद उनके परिजनों व वाल्मीकि जाति के लोगों ने उसकी पत्नी को नौकरी दिये जाने के बाबत बुधवार को नगर पंचायत गेट पर मृतक के शव को रखकर धरना प्रदर्सन दिया था ।उसी समय एक सफाई कर्मी राजेन्द्र के पुत्र अरविन्द ने चेयरमैन रामबाबू गुप्ता को थप्पड मारकर कुर्सी से गिरा दिया था जिसको लेकर दोनों पक्षो मे गरमा गर्मी हो गयी थी और माहौल गरम हो गया था ।ईओ अनुराग शुक्ला ने मामले मे धरना प्रदर्सन की अगुवाई करने वाले राजेस गब्बर, मिश्रीलाल



वाल्मीकि,अरविन्द व नीरज के खिलाफ मुकदमा कोतवाली मे दर्ज कराया था ।देर रात 8 बजे के करीब चेयरमैन के साथियों ने राजेस गब्बर को पकडकर मारपीट दिया था जिसको लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों ने थाने का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी ।लालगंज पुलिस ने राजेस गब्बर की मां कृष्णावती की तहरीर पर चेयरमैन रामबाबू गुप्ता,मिन्नी गुप्ता,रजनीस कुसवाहा,शम्भू सिंह,वीरेन्द्र सिंह,शैलेस गुप्ता,जीतू ठेकेदार व 8–9 अज्ञात के खिलाफ धारा 147,148,149,323,308 सहित हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था ।मुकदमा दर्ज होते ही दोनों पक्षो मे तनातनी और बढ गयी ।गुरूवार सुबह होते होते जहां व्यापारी चेयरमैन के पक्ष मे लामबन्द हो गये वहीं धानुक समाज के लोग भी राजेस गब्बर के पक्ष मे धरना देकर बरदाही मे ही दरी बिछाकर बैठ गये ।सफाई कर्मचारी काम पर भी नही आये जिसको लेकर लालगंज नगर पंचायत मे गंदगी व्याप्त हो गयी ।एसडीएम के द्वारा आस्वासन दिये जाने पर दोपहर बाद जहां बाजार भी खुल गयी ।वहीं सफाई कर्मचारियों ने भी अपना धरना प्रदर्सन समाप्त कर दिया। माहौल गरम होने के चलते नगर पंचायत मे मुस्तैद रही पुलिस

लालगंज रायबरेली ।चेयरमैन रामबाबू गुप्ता और सफाई कर्मचारियों के बीच हुये विवाद को लेकर नगर पंचायत कार्यालय गुरूवार को सुबह से ही पुलिस के घेरे मे ही रहा ।किसी बडी घटना की आषंका के मद्दे नजर प्रसासन मे सुबह से ही नगर पंचायत गेट पर फोर्स तैनात कर दी थी,जिसके चलते सफाई कर्मियों के द्वारा गेट पर धरना देने की योजना सफल नही हुयी ।पुलिस की सख्ती के चलते सफाई कर्मी अपने मोहल्ले मे ही धरने पर डट गये।

व्यापारी हुये चेयरमैन के पक्ष मे लामबन्द

लालगंज रायबरेली ।सफाई कर्मियों के द्वारा हडताल पर चले जाने से दो दिन से लालगंज नगर मे सफाई व्यवस्था ठप्प रही,जिसके कारण जगह जगह पर कूडे के ढेर लग गये ।व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा,रोहित सोनी,मृत्युंजय बाजपेयी आदि के नेतृत्व मे सैकडों व्यापारी नगर पंचायत पहुंच गये ।जहां एसडीएम ने उन्हे शीघ्र ही सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलने की बात कहकर आस्वस्त किया ।वैसे तो सफाई न होना एक बहाना था व्यापारी चेयरमैन के पक्ष मे लामबन्द थे।

सफाई कर्मियों ने झाडू पंजे के साथ सडको पर किया प्रदर्सन

लालगंज रायबरेली ।गुरूवार सुबह से धरना दे रहे सफाई कर्मियों का हुजूम जैसे ही कस्बे की सडको पर प्रदर्सन के लिये निकल पडा,प्रसासन के हाथ पाव फूल गये ।वास्तव मे सफाई कर्मी नेता राजेस गब्बर के जिला अस्पताल मे भर्ती होने के चलते रायबरेली नगर के सफाईकर्मियो के अध्यक्ष शक्ति सेखर वाल्मीकि ने लालगंज पहुंचकर सफाई कर्मियों के आन्दोलन की अगुवाई की ।उनके नेतृत्व मे सैकडों कर्मचारी व उनके परिजन झाडू पंजा लेकर सडक पर उतर पडे ।कोतवाल अरूण सिंह के समझाने पर वे एसडीएम से वार्ता करने के लिये नगर पंचायत पहुंचे,जहां एसडीएम ने मुकदमे मे नामजद आरोपियों को दो दिन के अन्दर जेल भेजने का आस्वासन दिया तब जाकर सफाई कर्मी शांत हुये और अपने अपने घर लौट गये।

# डा0 जेड ए डेंटल कालिज का सिल्वर जुबली समारोह आज

संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के डा० जेड ए डेंटल कालिज का सिल्वर जुबली समारोह कल कालिज परिसर में आयोजित किया गया। प्रोफेसर राकेश भार्गव, डीन, फैकल्टी आफ मेडिसिन और डा० जेडए डेंटल कालिज के संस्थापक तथा पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर एसएच हाशमी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्र में शामिल हुए। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर एनडी गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में डेंटल कालिज के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 2021 को डेंटल कालिज में रजत वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। प्रोफेसर एसएच हाशमी ने कालिज के प्रारंभिक दिनों में अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि डेंटल कालिज की अब तक की यात्रा संतोषजनक तथा शान्दार है तथा आने वाले वर्षों में इसके विकास के नये आयाम रौशन होंगे। प्रोफेसर राकेश भार्गव ने डेंटल कालिज में नए विषयों में पीजी पाठ्यक्रम शुरू करने का आह्वान किया और कहा कि छात्रों और शिक्षकों को कड़ी मेहनत और समर्पण की भावना के साथ अपनी सकारात्मक गतिविधियों को जारी रखना है ताकि डेंटल कालिज और विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को छू सके। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ के सदस्यों और छात्रों ने समाजिक दूरी बनाये रखते हुए कार्यक्रम में भाग लिया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के पंडाल में आज 65 जोड़ों की शादी

संवाददाता

बांदा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के इस वर्ष पंडाल 18 दिसंबर को सजेंगे। विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों में आयोजित हो रहे सामूहिक विवाह में जनपद के 65 वर–वधू शादी की रस्में



पूरी करेंगे। महुवा और बड़ोखर विकास खंडों का संयुक्त आयोजन महुवा ब्लॉक कार्यालय परिसर में होगा। यहां 16 जोड़े एक साथ दांपत्य सूत्र में बंधेंगे। नरैनी और बिसंडा ब्लॉकों का मिलाजुला सामूहिक विवाह आयोजन राजकुमार इंटर कालेज, नरैनी में होगा। यहां दोनों ब्लाकों के 15 जोड़े शामिल होंगे। कमासिन, बबेरू व तिंदवारी ब्लॉकों के सामूहिक विवाह बबेरू ब्लाक कार्यालय परिसर में होंगे। यहां तीनों ब्लाकों के 22 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। उधर, नगर पालिका परिषद बांदा में भी सामूहिक विवाह कराए जाएंगे। यहां पांच जोड़े पंजीकृत किए गए हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह ने बताया कि हरेके जोड़े की शादी में 51 हजार रुपये सरकार खर्च कर रही है। कन्या के खाते में 35 हजार रुपये भेजे जाएंगे। उसके अलावा 10 हजार का सामान कपड़े, बिछिया, चांदी की पायल, बर्तन आदि पर खर्च होंगे। 6 हजार रुपये में खाना आदि की व्यवस्था होगी।

## एएमयू में नरेन्द्र मोदी का संबोधन अद्भुत तथा एतिहासिक होगा

संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मानसिक रोग विभाग के प्रोफेसर एसए आजमी ने अमुवि के शाताब्दी समारोह के मुख्य कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सहभागिता तथा उनके संबोधन के कार्यक्रम का स्वागत करते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए एतिहासिक तथा यादगार बताया है। एक सन्देश द्वारा उन्होंने कहा कि "एएमयू के शताब्दी वर्ष पर लोगों में हर्ष है परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन एक अद्भुत तथा एतिहासिक घटना होगा। प्रधानमंत्री का शताब्दी वर्ष कार्यक्र में शामिल होना बड़ी बात है जिसके लिये कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर की प्रशासनिक क्षमता तथा दूरदर्शिता को हमेशा याद किया जाएगा।

## ससुराल में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

संवाददाता, बांदा। ससुराल में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। कानपुर के अमौली गांव का शैलेंद्र (30) पुत्र राजेंद्र 28 नवंबर को परिवार सहित कमासिन थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव में अपनी ससुराल आया था। आज सुबह यहां उसने छप्पर पर रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। घटना के समय परिवार के सभी लोग घर के बाहर आग ताप रहे थे। ससुर शिवबली ने बताया कि शैलेंद्र मानसिक रूप से बीमार था। बेटी साधना उसे इलाज के लिए यहां लाई थी। मृतक के एक बच्चा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## स्कूलों की फीस और किसानों के बिजली बिल हों माफ

संवाददाता

बांदा। बसपा ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर जनहित के मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। चार सूत्री मांगपत्र जिला प्रशासन के माध्यम से भेजकर सार्वजनिक स्थानों पर अलाव और ठंड से बचाव के अन्य उपाय कराने की मांग की है। बसपा नेताओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद डीएम आनंद कुमार सिंह को दिए ज्ञापन में लॉकडाउन के दौरान बंद रहे स्कूलों की फीस माफी, खाद, दवाई, कीटनाशक, बीज इत्यादि की उपलब्धता और मुफ्त सिंचाई और निजी नलकूपों का बिजली बिल माफ करने की मांग की। हाल ही में रोडवेज बस की टक्कर से टेंपो सवार 6 मजदूर पेशा लोगों की मौत में परिवारीजनों को 25–25 लाख रुपये देने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह वर्मा सहित जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष बल्देव वर्मा, बीएम कुशवाहा, मनोज वर्मा, अयूब खां, पूर्व मंत्री बाबूलाल कुशवाहा, रामसेवक प्रजापति, राहुल वर्मा, शमीम खां, धीरज राजपूत, प्रदीप वर्मा, पीपी कुशवाहा, आशुतोष भास्कर, कमलेश चौरसिया भी शामिल रहे।

# शताब्दी समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी को राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए

संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में, विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने आज एक अपील जारी की और कहा कि इस महान विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी को राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। शिक्षकों ने कहा कि हमें विश्वविद्यालय के हित में मिलकर काम करने की आवश्यकता है। देश आपसी प्रेम और महान परंपराओं से जुड़ा हुआ है, जबकि विभाजनकारी विचारधाराएं सामाजिक विघटन उत्पन्न करती हैं। हम सभी से आग्रह करते हैं कि शताब्दी कार्यक्रम को राजनीति से ऊपर रखें। जिस प्रकार गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती और सर सैयद दिवस मनाया जाता है, शताब्दी समारोह को भी मतभेदों से ऊपर रखा जाना चाहिए।"प्रोफेसर अली मोहम्मद नकवी, प्रोफेसर एआर किदवाई, प्रोफेसर शकील अहमद समदानी, प्रोफेसर एम.एम. सुफियान बेग, प्रोफेसर नईमा खातुन, प्रोफेसर समीना खान, प्रोफेसर क्रांति पाल, प्रोफेसर मुहम्मद गुलरेज, प्रोफेसर एमजे वारसी, प्रोफेसर मौला बख्श, डा० मुहम्मद शाहिद, डा० नसीम अहमद और अन्य वरिष्ठ शिक्षकों ने अपनी अपील में कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी भी विश्वविद्यालय के इतिहास में शताब्दी वर्ष को पाना एक महान उपलब्धि है। इस अवसर पर हमारी एक्ता विश्वविद्यालय के विभिन्न वर्गों और पूर्व छात्रों के संगठनों के मध्य विश्वास और सामंजस्य का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी से आग्रह करते हैं कि इस आयोजन को एएमयू की अनूठी विरासत के बेहतरीन प्रदर्शन का माध्यम बनाएं। उन्होंने कहा कि यह अवसर एक साथ आने और मतभेदों के बावजूद आपसी समझ और सामंजस्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर है। शिक्षकों ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों तक हमारी पहुंच हमारी मातृसंस्था तथा मातृभूमि के विकास और प्रगति के लिए वरदान साबित होगी तथा सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में हमारे छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध होगी। अपील में आगे कहा गया है कि एएमयू ने गत 100 वर्षों में कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं और देश में उच्च शिक्षा के उच्चतम मानक संस्थानों में से एक के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। ज्ञात हो कि एएमयू ने देश को सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान और डा० जाकिर हुसैन जैसे भारत रत्न भी दिये हैं। इसके अतिरिक्त अमुवि ने ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय सेवाएं प्रदान की हैं और कई छात्रों और शिक्षकों को पद्म पुरस्कार, राष्ट्रपति पुरस्कार, ज्ञान पीठ, सरस्वती सम्मान, सहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है तथा विज्ञान के कई शिक्षक तथा पूर्व छात्र भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्येता रहे हैं और उन्हें शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार सहित कई अन्य सम्माननीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

## जीवन जीने की कला सिखाती है संगीत

संवाददाता

बांदा। नटराज संगीत महाविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में छात्र–छात्राओं को उपाधियां बांटी गईं। उप निदेशक सूचना भूपेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कला वही है जो निरंतर साधना में रत रखे। संगीत जीवन का वह वरदान है जो जीवन जीने की कला सिखाती है। महाविद्यालय में आयोजित समारोह में वर्ष 2019–20 की परीक्षा में गायन पंचम वर्ष की एकता शुक्ला को नटराज गौरव सम्मान दिया गया। प्रियंका वर्मा को कथक नृत्य में प्रभाकर फाइनल इयर बेस्ट अवार्ड सौंपा गया। प्रभाकर उपाधियां कला विद्यार्थी डॉ. दीपक स्वर्णकार, अरविंद कुमार, मंजू देवी, लक्ष्मी, शिवानी, जय प्रकाश, प्रियंवदा, सूर्यांश सोनी, शिवांगी, प्रतिभा खेर, ब्रज गोपाल, गरिमा शर्मा, सत्यवृत्त सिंह और भाव्या देवी को दी गईं ।जिला सूचना अधिकारी कु. शारदा ने कहा कि कला ही जीवन में सजीवता लाती है। प्राचार्य अनुराधा सिंह ने महाविद्यालय की रिपोर्ट पेश की। प्रबंधक धनंजय सिंह ने सभी का आभार जताया और स्मृति चिह्न दिए। प्रधानाचार्य पूजा द्विवेदी ने कला साधकों चंद्रपाल द्विवेदी, बाबूलाल वर्मा, जहीर खां, मनमोहन सिंह को भी याद किया। समारोह में अर्चना पाठक, राजकुमारी गुप्ता, नीरजा सोनी, गीता तिवारी, बलराम यादव, जगतपाल सिंह, रामकेदार, अंगद शर्मा, पीएन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# इल्ली से किसान हो रहे परेशान

संवाददाता

उरई/जलौन। अन्ना पशुओं से परेशान किसान अब दलहनी फसलों में चना, मटर, मसूर आदि में इल्ली के प्रकोप से परेशान हैं। इल्ली पौधे के साथ फली में भी छेद कर उसे खा जाती है। इससे फसलों में बड़ा नुकसान होता है। किसान इल्ली से बचाव के लिए तमाम कवायद करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने पैदावार की गिरावट की आशंका जताई है। कृषि वैज्ञानिक भी कहते हैं कि यदि समय रहते इल्ली का प्रकोप नहीं रोका गया तो फसल की पैदावार में 10 से 90 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। किसानों को इससे सचेत रहना चाहिए। समय रहते इल्ली नाशक दवाओं का छिड़काव करना चाहिए। बड़ागांव निवासी किसान रबिश का कहना है कि उन्होंने बीस बीघा में मटर की फसल की बुवाई की थी। फसल अच्छी पक रही थी कि इसी बीच इल्ली का प्रकोप आ गया। वह दो बार दवा भी लगा चुके है लेकिन अभी तक इल्ली पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। इमिलिया निवासी गोकुल प्रसाद का कहना है कि उन्होंने सात बीघा खेत में चना की फसल बोई है। फसल अभी फूल रही है लेकिन फूल के साथ इल्ली का भी प्रकोप शुरू हो गया है। जैसे जैसे फूल बढ़ रहा है, इल्ली भी बढ़ रही है। दवाओं का छिड़काव भी असर नहीं हो रहा है। उसरगांव निवासी जिबराइल का कहना है कि उन्होंने विकास वैराइटी की सफेद मटर की बुवाई की है। मटर में इल्ली इतनी तेज है कि उन्होंने तो बार मटर की सिंचाई भी कर दी है लेकिन इल्ली का प्रकोप कम नहीं हुआ है। मटर पैदावार गिरने की संभावना है। मड़ोरा निवासी अखिलेश राठौर का कहना है कि उन्होंने करीब 13 हजार रुपये क्विंटल के हिसाब से दंतेवाड़ा का महंगा बीज खरीदा था। शुरू में इल्ली नहीं थी लेकिन अब धीरे–धीरे पूरे खेत में इल्ली दिखाई दे रही है। अब समझ में नहीं आ रहा है कि कौन से दवा का छिड़काव करें। कृषि वैज्ञानिक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इल्ली से बचाव के लिए डाईक्लोरोवाश, ट्राइजोफास, क्यूनालफॉस जैसी दवा को साढ़े तीन सौ से लेकर चार सौ लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से डेढ़ सौ लीटर पानी का छिड़काव करें। साथ ही खेतों में खरपतवार न पनपने दें।

## विदा होकर आई, नशीला पदार्थ खिला चली गई

संवाददाता

उरई/जलौन। शादी के बाद पहली बार विदा होकर आई बहू ने एक दिन बाद ही ससुरालियों को खाने में नशीला पदार्थ खिला दिया। जब सभी बेहोश हो गए तो वह जेवर व नगदी समेत निकल भागी। ससुरालियों का आरोप है कि वह प्रेमी के साथ भागी है। वीरवार सुबह होश आने पर उन्होंने मायके सूचना दी। बहू का सुराग न मिलने पर पुलिस को भी तहरीर दी। घटना एट थाना क्षेत्र के कस्बे के एक मोहल्ले की है। मोहल्ला निवासी युवक की बीती 22 नवंबर को बड़े ही धूमधाम से शादी हुई थी। चौथी पर बहू मायके चली गई और इसके बाद 14 दिसंबर को ससुराल वाले उसे विदा कराकर घर लाए। एक दिन बाद सास ने बुधवार को बहू से खाना बनवाया। रात में घर वालों ने खाना खाया और सभी बेहोश हो गए। ससुराल वालों का आरोप है कि बहू जेवर, 60 हजार रुपये आदि लेकर प्रेमी के साथ कहीं चली गई। वीरवार सुबह घर वाले जब जगे तब घटना का पता चला। पति ने पुलिस को तहरीर देकर मामला दर्ज कराने की गुहार लगाई है। वही प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार दिवाकर का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है। ससुराल वालों का आरोप है कि बहू देवर की आरडी के रुपये भी ले गए। बताया कि एक दिन पहले ही आरडी का भुगतान हुआ था।

## नौटंकी में मारपीट और तोड़फोड़, दो घायल

संवाददाता

उरई/जलौन। कुआं पूजन के दौरान चल रही नौटंकी में कुछ अराजकतत्वों ने मारपीटकर तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिना परमीशन चल रही नौटंकी बंद करवा दी। घायल दो युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ अन्य के भी चोटें आई हैं। घटना आटा थाना क्षेत्र के भभुआ में बुधवार की रात हुई। स्वामीदीन के यहां चल रही नौटंकी देखने के लिए गांव सहित आसपास के लोग जमा थे। किसी की शरारत पर गालीगलौज शुरू हो गई। फिर मारपीट के साथ कुर्सियां चलने लगीं। किसी ने 112 पुलिस को सूचना दे दी तो पुलिस भी पहुंच गई लेकिन तब तक अराजकतत्व भाग निकले। मारपीट में पांच लोगों को चोटें आईं। इनमें आटा कस्बा निवासी महेंद्र व विनोद को पुलिस ने उरई अस्पताल में भर्ती कराया। गृहस्वामी ने बताया कि घर में लड़का होने पर खुशी में कुआं पूजन का प्रोग्राम था। नौटंकी में अराजकतत्वों ने व्यवधान कर दिया। वहीं आटा थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह का कहना है कि युवकों में रास्ते में झगड़ा हुआ था। बिना परमीशन के चल रही नौटंकी को बंद करवा दिया। अगर कोई तहरीर मिलती है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अधिक से अधिक श्रमिकों को कराए पंजीयन

संवाददाता

उरई/जलौन। जनपद में गठित जिला स्तरीय श्रम बंधु की बैठक विकास भवन सभागार में नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट ने अधिक से अधिक श्रमिकों के पंजीयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत नवीनी पंजीकरण एवं निर्माण श्रमिकों के हितार्थ चलाई जा रही है। कर्मचारी अधिक से अधिक इन योजना का प्रचार प्रसार कर श्रमिकों को लाभ पहुंचाए। कहा कि पंजीकरण एवं नवीनीकरण हेतु शुल्क की देयता समाप्त कर दी गई है। बैठक में मुख्य रूप से निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण शिवाकांत द्विवेदी, उपयुक्त मनरेगा अवधेश कुमार दीक्षित, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अविनेश कुमार एवं उपायुक्त उघोग श्री योगेश कामेश्वर आदि उपस्थित रहे।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म में तीन को 12–12 साल की कैद

संवाददाता

उरई/जलौन। किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो एक्ट कोर्ट के जज ने तीन दोषियों को 12–12 साल की सजा और 31–31 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला करीब साढ़े तीन साल पुराना है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि जालौन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पिता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि 17 जुलाई 2017 सुबह सात बजे उदयवीर व रतन सिंह बंदूक दिखाकर उसकी 13 वर्षीय बेटी को गाड़ी में अगवा कर ले गए थे। उन्होंने उसे उरई ले जाकर आरिफ को सौंप दिया। आरिफ उसे लेकर मुंबई अपने भाई के यहां ले गया। वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। जालौन कोतवाली में दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरिफ पुत्र अलियार निवासी सहावनाका जालौन, उदयवीर पुत्र ज्ञान सिंह निवासी प्रतापपुरा व रतन सिंह पुत्र सेवाराम निवासी प्रतापपुरा पर पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। मामला एडीजे स्पेशल न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विजय बहादुर सिंह के यहां चल रहा था। इसमें वीरवार को जज विजय बहादुर सिंह ने आरोपी आरिफ समेत तीनों दोषियों को 12–12 वर्ष का कारावास व 31–31 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले की पैरवी महिला शक्ति अभियान मिशन के तहत बृजराज सिंह राजपूत व डीजीसी लखन निरंजन ने की।

## आल इंडिया जमाते सलमानी की कार्यकर्ता बैठक नई नगर पालिका मार्केट निकट बेगमगंज मे सम्पन हुई

संवाददाता

बाराबंकी। आल इंडिया जमाते सलमानी की एक कार्यकर्ता बैठक का आयोजन नई नगर पालिका मार्केट निकट बेगमगंज मे सम्पन हुई। इस बैठक का संचारन जिला प्रवक्ता जनाब रफीक सलमानी साहब ने किया वही प्रोग्राम मे मुख्य अथिति के रूप मे राष्ट्रीय कार्यकरणी सदस्य जनाब जे डी सलमानी और वशिष्ठ अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय संगठन मंत्री जनाब मो वैस सलमानी साहब व जिला प्रभारी जनाब मो शकील सलमानी मौजूद रहे इसी मौके पर महराष्ट्र प्रदेश के आल इंडिया जमाते सलमानी के प्रदेश महासचिव जनाब जे डी सलमानी साहब का भव्य स्वागत किया गया और इस कार्यक्रम मे नवजवान साथी जनाब अनस सलमानी साहब को जिला महासचिव पद से नवाजा गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जनाब मोहम्मद हफीज सलमानी साहब ने किया इस सभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व महराष्ट्र प्रदेश महासचिव जनाब जे डी सलमानी जी ने कहा कि आल इंडिया जमाते सलमानी ही एक ऐसा संगठन है जिसने सलमानी समाज को एक अच्छी पहचान और सलमानी को हक दिलाने का काम किया और सर्व समाज को साथ मे जोड़कर चले का काम किया और यह संगठन हिन्दू मुस्लिम को जोड़कर हमेशा चलता चला आ रहा हैऔर आने वाला वक्त सलमानी समाज का है और आज हमारे समाज के तमाम लोगो को राजनीतिक पार्टियो मे भी नेतृत्व करने का मौका मिल रहा है स और वही वशिष्ठ अथिति के रूप मे मौजूद राष्ट्रीय संगठन मंत्री जनाब मो वैस सलमानी ने कहा कि सलमानी समाज की आने वाले नगर पंचायत के चुनावो सलमानी समाज की अहम भागीदारी रहेगी और जो राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब खैरुल बसर साहब का आदेशानुसार सलमानी समाज के लोग भी चुनाव मे अपनी किस्मत आजमाएगे।

# विजय दिवस पर कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

संवाददाता

सुल्तानपुर। वर्ष 1971 के युद्ध में भारत की हुई ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे विजय दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर झंडारोहण किया गया। राष्ट्रगान गाने के साथ ही पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। पार्टी की ओर से 100 मीटर के तिरंगे को लेकर शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रेत नारों से शहर की सड़कें गुंजायमान रहीं। बुधवार को विजय दिवस के अवसर पर दोपहर 12रू0 बजे जिला कांग्रेस कमेटी प्रांगण में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। यहां पर सभी ने राष्ट्रगान गाकर विजय दिवस की एक दूसरे को बधाई दी। वर्ष 1971 की लड़ाई में शामिल होने वाले पूर्व सैनिक अयोध्या प्रसाद शुक्ल व मुंशी प्रेमचंद दुबे को मुख्य अतिथि विवेकानंद पाठक व जिला प्रभारी मनोज तिवारी ने शाल पहनाकर सम्मानित किया।

वर्तमान समय में सेना में भर्ती होकर कश्मीर में तैनात रहकर देश की रक्षा के लिए समर्पित अश्विनी शुक्ल को वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल पद्माकर सिंह ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद शहर कांग्रेस कमेटी के नए व पुराने सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बूथ स्तर पर संगठन बनाने में सभी जातियों व सभी धर्मों का समावेश करते हुए महिलाओं की बड़ी भागीदारी तय करने की बात दोहराई गई। सभी फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों को जल्द से जल्द कमेटी बनाकर बूथ स्तर पर काम करने का सुझाव दिया गया। बैठक के बाद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से वर्ष 1971 के युद्ध का विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में कांग्रेसियों ने 100 मीटर तिरंगे को कंधे पर रखकर मानव श्रृंखला बनाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा हनीमैन चौराहा, डाकखाना चौराहा, गंदानाला रोड, गल्ला मंडी, जिला अस्पताल तिराहा, कुड़वार नाका तिराहा, बस अड्डा होते हुए राजीव गांधी पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। यहां सभी ने आदर के साथ तिरंगे को लपेटकर बैग में स्थापित किया। राजीव गांधी पार्क में मौजूद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा की साफ–सफाई कर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण किया। तिरंगा यात्रा के दौरान वीर जवानों की कुर्बानी– याद रखेगा हिंदुस्तानी, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, इंदिरा गांधी अमर रहे, इंकलाब जिंदाबाद के जयकारों से शहर का माहौल गुंजायमान रहा।

# प्रेरक विद्यालय बनाने के लिए काम करें शिक्षक

संवाददाता

सुल्तानपुर। अपने स्कूल को प्रेरक विद्यालय बनाने के लिए कार्ययोजना बनानी होगी। कार्य योजना को मूर्त रूप देने के लिए शिक्षकों को पूरी जिम्मेदारी से काम करना होगा। यह बात दूबेपुर खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने लोहरामऊ संकुल पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। बुधवार को लोहरामऊ संकुल की मासिक बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय धरौली में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एसआरजी सुनील सिंह व राजकुमार तिवारी ने प्रेरणा लक्ष्य, प्रेरणा सूची व प्रेरणा तालिका के साथ आधारशिला, ध्यानाकर्षण, शिक्षण संग्रह माड्यूल पर चर्चा की। दूबेपुर ब्लॉक के एआरपी आलोक सिंह, राघवेंद्र सिंह, पंकज सिंह, गरिमा चौरसिया, जलालुदीन की ओर से दीक्षा एप पर होने वाले निष्ठा प्रशिक्षण, पाठशाला फेस टू, रीड एलांग, कहानी सुनो, रेडियो व दूरदर्शन के माध्यम से शिक्षण, आईवीआरएस कॉल, पुस्तकालय, रीडिंग कॉर्नर पर प्रभावी ढंग से काम करने की जानकारी दी। संकुल शिक्षक मनीष सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से मिशन प्रेरणा के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रम को दिखाया गया। बैठक में संकुल शिक्षक आरिफ नियाज और शिव कुमार ने विद्यालय को प्रेरक विद्यालय बनाने के लिए कार्य योजना बनाने के प्रति प्रेरित किया। बैठक में संकुल लोहरामऊ के अध्यापकों और शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया।

# इमाम बारगाह ढहाने की घटना को लेकर डीएम से मिले उलेमा

संवाददाता

सुल्तानपुर। मूंगर गांव में ढहाए गए इमाम बारगाह के पुनर्निर्माण व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को शिया चांद कमेटी के नेतृत्व में उलेमाओं के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मूंगर गांव में ढहाए गए इमाम बारगाह का जल्द से जल्द निर्माण कराने और गोलीकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी लखनऊ के नेतृत्व में कई उलेमाओं ने डीएम रवीश गुप्ता से मुलाकात की। डीएम को दिए ज्ञापन में मौलाना ने कहा कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मूंगर गांव में स्थापित इमाम बारगाह को पिछले तीन दिसंबर को कुछ अराजकतत्वों ने जेसीबी से ढहा दिया था। इसमें पैरवी कर रहे लोगों को निशाना बनाते हुए आठ दिसंबर की शाम अराजकतत्वों ने गिरोह बंद होकर फायरिंग की ती, जिसमें दो लोग घायल हुए थे। उन्होंने कहा कि इमाम बारगाह करीब 450 साल पुराना है। सरकारी दस्तावेज में भी यह दर्ज है। ऐसे में जिला प्रशासन को तत्काल मामले का निस्तारण करके पुलिस की मौजूदगी में उसका निर्माण करवाना चाहिए।

# 2,65,354 बच्चों को नहीं मिला तीन माह का राशन

संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा एडेड विद्यालयों में अध्ययनरत 2,65,354 छात्र–छात्राओं को कन्वर्जन कॉस्ट और राशन वितरण का काम पिछड़ा हुआ है। हालत यह है कि जुलाई अगस्त की धनराशि आवंटित हो गई है लेकिन अभी तक सितंबर, अक्तूबर और नवंबर का न कन्वर्जन कॉस्ट का बजट मिला है और न ही राशन ही आवंटित हुआ है। मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित जिले के विद्यालयों में 2,65,354 छात्र–छात्राएं नामांकित हैं। कोविड–19 महामारी के चलते कक्षा एक से आठ तक के छात्र–छात्राओं के लिए विद्यालय बंद हैं। इससे पठन–पाठन का काम भी बाधित हुआ है। शासन ने मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को एमडीएम की प्रतिपूर्ति के रूप में कन्वर्जन कॉस्ट सीधे उनके खातों में भेजने का निर्देश दिया था। सितंबर से लेकर नवंबर तक की कन्वर्जन कॉस्ट का अभी तक बजट आवंटित नहीं हुआ है और न ही राशन वितरण का ही आदेश हुआ है। ऐसे में तीन माह की न कन्वर्जन कॉस्ट की धनराशि मिली है और न ही राशन ही वितरित हुआ है। शासन से प्राप्त जुलाई व अगस्त की कन्वर्जन कॉस्ट व राशन वितरण का काम अभी तक चल रहा है। माह जुलाई व अगस्त 2020 की अवधि में प्राथमिक विद्यालयों में एक करोड़ 61 लाख 55 हजार 282 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक करोड़ 24 लाख 88 हजार 237 रुपए भेजे गए हैं। कुल 2 करोड़ 86 लाख 43 हजार 519 रुपये सभी संबंधित विद्यालयों के एमडीएम निधि खातों में भेजा गया है, जो अभिभावकों के खाते में भेजा जा रहा है। बीएसए दीवान सिंह यादव ने बताया कि शासन से प्राप्त कन्वर्जन कॉस्ट की धनराशि मध्याह्न भोजन निधि खातों में स्थानांतरित कर दी गई है।

इसे छात्र–छात्राओं के खाते में सीधे ट्रांसफर करने का कार्य तीव्रता से चल रहा है। मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित विद्यालयों में माह जुलाई व अगस्त के लिए 1205.223 मीट्रिक टन राशन आवंटित किया गया है। जो छात्र–छात्राओं अथवा उनके अभिभावकों को दिया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालयों में 850.198 मीट्रिक टन तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 355.025 मीट्रिक टन राशन भेजा गया है। बीएसए दीवान सिंह यादव ने बताया कि राशन व कन्वर्जन कॉस्ट उपलब्ध कराए जाने के बाद प्रेरणा पोर्टल पर डाटा अपलोड किया जाना जरूरी है। कुल नामांकित 2,65,354 छात्र–छात्राओं के सापेक्ष मात्र 19,323 छात्र–छात्राओं की फीडिंग हुई है। यह संख्या संतोषजनक नहीं है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि राशन व कन्वर्जन कॉस्ट उपलब्ध कराने के बाद प्रेरणा पोर्टल पर फीडिंग का काम तीव्र गति से कराएं। साथ ही गूगल सीट पर प्रतिदिन शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से सूचना अपडेट भी करें।

# एसडीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक व फार्मासिस्ट

संवाददाता

सुल्तानपुर। एसडीएम ने बुधवार को पीएचसी बंधवा महमूदपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी के प्रभारी निरीक्षक व फार्मासिस्ट ड्यूटी से नदारद मिले। आयुर्वेदिक अस्पताल के निरीक्षण में दो कर्मचारी गायब रहे। सभी को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के निर्देश पर उपजिलाधिकारी बल्दीराय राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंधवा महमूदपुर व आयुर्वेदिक चिकित्सालय वलीपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंधवा महमूदपुर में चिकित्सा प्रभारी व फार्मासिस्ट ड्यूटी से नदारद मिले, जबकि आयुर्वेदिक चिकित्सालय वलीपुर में दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान दोनों स्थानों पर कई अन्य खामियां मिलीं। एसडीएम ने ड्यूटी पर मौजूद लोगों से कहा कि अस्पताल में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आयुर्वेदिक चिकित्सालय वलीपुर में डॉ. रविकांत प्रजापति व प्रेमचंद अनुपस्थित मिले। वही, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंधवा महमूदपुर में चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरविंद चौरसिया व फार्मासिस्ट चक्रपाणि द्विवेदी अनुपस्थित मिले। ओपीडी रजिस्टर तथा दवा भंडार पंजिका का भी निरीक्षण किया। उपस्थिति रजिस्टर में फार्मासिस्ट चक्रपाणि द्विवेदी का 15 दिसंबर का सीएल चढ़ाया गया था लेकिन अवकाश प्रार्थना पत्र उपलब्ध नहीं था। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम आरती श्रीवास्तव व सफाई कर्मी हरीलाल उपस्थित मिले। उपजिलाधिकारी ने अनुपस्थित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति करते हुए डीएम व सीएमओ को पत्र लिखा है।

# जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय में अनुपस्थित मिले 11 कर्मचारी

संवाददाता

सुल्तानपुर। डीएम के निरीक्षण में बुधवार को जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय में 12 में से 11 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। औचक निरीक्षण को पहुंचे डीएम को वीओ उपस्थिति पंजिका भी नहीं दिखा सके। नाराज डीएम ने अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। बुधवार की सुबह जिलाधिकारी रवीश गुप्ता जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंच गए। डीएम के निरीक्षण में कार्यालय के 12 में से 11 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। डीएम ने कार्यालय खाली देख मौजूद वीओ होमगार्ड से उपस्थिति पंजिका मांगी तो वे उसे भी नहीं दिखा सके। इस पर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया। डीएम ने लापरवाही व अव्यवस्था देख गैरहाजिर मिले कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश देते हुए संबंधित से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही संबंधित अधिकारी को कार्यालय की व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया है। डीएम ने कहा कि भविष्य में ऐसी लापरवाही मिलने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण की जानकारी मिलते ही गायब कर्मचारी सकते में रहे।

# जिला पंचायत की बनने वाली दुकानों की कराई गई खुली बोली

संवाददाता

सुल्तानपुर। जिला पंचायत परिसर में बनने वाली मार्केट की दुकानों की बुधवार को खुली बोली कराई गई। अपर मुख्य अधिकारी की अध्यक्षता में बैठी कमेटी के सामने आवेदकों ने नीलामी में हिस्सा लिया। प्रक्रिया में अधिक दाम लगाने वालों नीलामी दी गई। शासन से स्वीकृति के बाद जिला पंचायत परिसर में बनने वाली मार्केट के लिए अध्यक्ष ऊषा सिंह के निर्देश पर बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई। कोरोना गाइड लाइन के तहत आयोजित नीलामी प्रक्रिया में एक–एक दुकान के नीलामी में आवेदकों ने हिस्सा लिया। अपर मुख्य अधिकारी उदयशंकर सिंह की अध्यक्षता में बैठी कमेटी के सामने आवेदकों ने दुकानों की खुली बोली लगाई। अधिकारियों ने अधिक बोलीदाता के पक्ष में दुकानों की नीलामी की। दोपहर से शुरू नीलामी प्रक्रिया दोपहर बाद तक चलती रही। इसमें बड़ी संख्या में आवेदकों ने हिस्सा लिया। प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह ने बताया कि नीलामी कमेटी में अपर मुख्य अधिकारी उदय शंकर सिंह, अभियंता डॉ. राकेश यादव, वित्तीय परामर्शदाता समेत संबंधित मौजूद रहे। बताया कि परिसर की दुकानें नीलाम होने से जिला पंचायत की आय बढ़ेगी।

# डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय: संस्थानों को नहीं मिले अतिथि शिक्षक, पढ़ाई हो रही प्रभावित

संवाददाता

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर के संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों की



पढ़ाई अक्तूबर और नवंबर माह से चल रही है। अभी तक संस्थानों में अतिथि शिक्षक नियुक्त नहीं किए गए हैं। 70 से अधिक अतिथि शिक्षकों को रखा जाना है। इंटरेक्शन भी हो चुका है। इनके न पहुंचने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अतिथि शिक्षकों के संस्थानों में न पहुंचने से विभागाध्यक्ष व डीन परेशान हैं। इंजीनियरिंग संस्थान में सविल और मेकेनिकल विभाग में पढ़ाने के लिए इस समय कोई शिक्षक नहीं है। दोनों पाठ्यक्रम बाद में शुरू हुए। इसमें संविदा शिक्षक नहीं हैं। दोनों पाठ्यक्रमों में चार–चार अतिथि शिक्षकों की मांग की गई है। संस्थान के निदेशक प्रो. वीके सारस्वत ने बताया कि जिन शिक्षकों के प्रस्ताव भेजे गए हैं, उन्हीं से फिलहाल कक्षाओं में पढ़वाया जा रहा है। आईटीएचएम, केएमआई सहित अन्य संस्थानों में अतिथि शिक्षकों के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। विवि के कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र का कहना है कि अतिथि शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया चल रही है। जल्द प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयन की प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल अतिथि शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। शिक्षकों को रखे जाने के लिए विज्ञापन नहीं दिया गया था और न ही इंटरेक्शन के पैनल में विषय विशेषज्ञ या फिर संबंधित विभाग का कोई रखा गया। इस पर कुलपति प्रो. अशोक मित्तल का कहना है नियमित पाठ्यक्रम में शिक्षक रखे जाने के लिए विज्ञापन देने की जरूरत होती है। सेल्फ फाइनेंस वाले पाठ्यक्रमों में अतिथि शिक्षकों को रखा जाना है। इसके लिए विज्ञापन देने की जरूरत नहीं होती है। इंटरेक्शन के पैनल में वह खुद शामिल थे। अतिथि शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी किए जाने के संबंध में मंगलवार को कुलसचिव से बात की गई। उनके सामने सारी स्थिति भी स्पष्ट कर दी गई है।

# 156 टॉयलेट की सफाई में खर्च पर दिखाए 1.48 करोड़

संवाददाता




आगरा। आगरा के चौराहों, बाजारों में बने 156 टॉयलेट की सफाई के नाम पर घोटाला हुआ है। एक साल से बंद पड़े सार्वजनिक शौचालयों में दुर्गंध के कारण लोग परेशान हैं, लेकिन इनकी सफाई और संचालन के नाम पर नगर निगम ने 1.48 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यही नहीं, नगर निगम इसके अलावा 156 टॉयलेट में पानी, फिनाइल की गोलियों समेत स्वच्छता के लिए झाड़ू, ब्लीचिंग पाउडर का खर्चा कर रहा है। नगर निगम की पांच सदस्यीय जांच कमेटी ने जब इन शौचालयों का निरीक्षण किया तो टॉयलेट सफाई के नाम पर किए गए घोटाले की पोल खुल गई। पार्षदों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और ज्योति विकास संस्था, एमएस सर्विसेज, आदर्श सेवा समिति, सीएलसी, ग्राम विकास संस्था पर अर्थ दंड लगाने की मांग की है।

पांच अधिकारियों की जांच कमेटी के सामने आया सच

नगर आयुक्त निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश पर शौचालयों की व्यवस्था की जांच करने के लिए एक कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी में शामिल मुख्य अभियंता (विद्युत) संजय कटियार ने ज्योति विकास संस्था की जांच की थी।

इसी तरह मुख्य अभियंता बीएल गुप्ता ने एमएस सर्विसेज, अधिशासी अभियंता आरके सिंह ने आदर्श सेवा समिति, सहायक नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला ने ग्राम विकास संस्था, पर्यावरण अभियंता राजीव राठी ने सीएलसी और अधिशासी अभियंता आशीष शुक्ला ने सुलभ इंटरनेशनल की जांच की। इस रिपोर्ट में सुलभ इंटरनेशनल को छोड़कर अन्य सभी संस्थाओं को के कामकाज में खामियां मिली हैं।

# पीएसी में तैनात सिपाही ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

संवाददाता

फिरोजाबाद। ट्रेन के सामने कूदकर सिपाही ने आत्महत्या कर ली। मृतक पीएसी में सिपाही के पद पर तैनात था। सिपाही द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पीएसी में सिपाही के पद पर मुनीश कुमार पुत्र राजेन्द्र, गांव मिलिक, जसराना का निवासी है। मृतक 43 पीएसी बटालियन एटा में तैनात था। बुधवार रात एटा से घर आया था। हाल में वह शिकोहाबाद में रह रहा था। बताया गया है कि गुरुवार सुबह राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूद गया। सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। मुनीश सात माह से शिकोहाबाद की द्वारिका कॉलोनी में बच्चों के साथ रह रहा था। मृतक के परिवार में एक बेटा और एक बेटी है।

# यमुनापार के लिए अलग से बनेगा वाटरवर्क्स, तीन लाख लोगों को मिलेगी राहत

संवाददाता



आगरा। यमुनापार में पानी का संकट देखते हुए 100 एमएलडी का नया वाटरवर्क्स बनाने की योजना बनाई गई है, जिसकी पीएफआर (प्री–फिजिबिलिटी रिपोर्ट) बनाकर जल निगम ने नगर निगम को सौंप दी है। 100 एमबीबीआर के प्लांट के साथ वितरण नेटवर्क को तैयार करने पर 650 करोड़ रुपये की लागत आएगी। नगर निगम ने इसके लिए जमीन भी चिह्नित कर ली है। इस मामले में अगले सप्ताह लखनऊ में नगर विकास विभाग में महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है, वहीं मेयर नवीन जैन ने कहा कि पेयजल संकट की योजना के मसले पर नगर विकास मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर पैरवी करेंगे। जलनिगम की निर्माण इकाई ने यमुनापार पानी के संकट को दूर करने के लिए 100 एमएलडी क्षमता का नया एमबीबीआर प्लांट बनाने की पीएफआर सौंपी है। इसमें कम से कम 3 हेक्टेयर जमीन की जरूरत पड़ेगी, जिसमें एमबीबीआर प्लांट के साथ रिजर्वायर और पंपिंग स्टेशन बनाया जाएगा।

इसके साथ ही यमुना पार शाहदरा, नरायच, टेढ़ी बगिया, ट्रांसयमुना, नुनिहाई और भविष्य में 30 साल की जरूरतों को देखते हुए ओवरहेड टैंक और रिजर्वायर तैयार कराए जाएंगे। पाइप लाइन नेटवर्क भी बिछाया जाएगा, जिसे पुराने पड़े नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। फिलहाल शहर में दो वाटरवर्क्स हैं। यमुना पार में बन जाने से तीन वाटर वर्क्स हो जाएंगे।

# आर्यावर्त बैंक के लाकर से 25 लाख के जेवरात चोरी, सेवानिवृत्त बीएसएनएल कर्मचारी ने दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता

आगरा । ताजगंज के कलाल खेरिया स्थित आर्यावर्त बैंक में सेवानिवृत्त बीएसएनएल कर्मी नरायन सिंह के लॉकर से 25 लाख रुपये के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त कर्मी के बेटे श्याम सिंह का कहना है कि उन्हें बैंक से कॉल आने पर घटना की जानकारी हो सकी। 14 दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, लेकिन आज तक जेवरात चोरी करने वाले के बारे में पता नहीं चल सका। गांव लकावली निवासी नरायन सिंह बीएसएनएल में तैनात थे। उनके बेटे लोको पायलट श्याम सिंह ने बताया कि पिता ने 22 साल पहले आर्यावर्त बैंक में लॉकर खोला था। इसमें अपने पुश्तैनी जेवरात रखे थे। साल में कभीकभार ही लॉकर चेक करने जाते थे। 23 नवंबर को पिता, मां सावित्री देवी और भाई रघुवंश सिंह लॉकर से जेवरात निकालने गए थे। कुछ जेवरात निकालने के बाद घर आ गए। 25 नवंबर की शाम पांच बजे के बाद बैंक के कर्मचारी का कॉल आया। उन्होंने बैंक में बुला लिया। इस पर परिजन पहुंच गए। कर्मचारियों ने बताया कि लॉकर खुला हुआ है। इस पर नरायन सिंह ने लॉकर को चेक किया। उसमें जेवरात नहीं थे। इस पर नरायन सिंह ने बैंक मैनेजर से शिकायत की। थाना ताजगंज के प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज है। विवेचना की जा रही है। श्याम सिंह ने बताया कि तोरा चौकी पर शिकायत की थी। मगर, कोई सुनवाई नहीं हुई। तहरीर चौकी पर ही पड़ी रही। सात दिसंबर को बैंक के अधिकारियों ने बुलाया। उनसे मुकदमे की कॉपी लाने के लिए कहा। इस पर वो तोरा चौकी पर पता करने आए। तब पता चला कि मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। उन्हें थाने भेज दिया गया। बाद में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस को बैंक अधिकारियों ने बताया कि 24 और 25 नवंबर को एक–एक व्यक्ति लॉकर खोलने आए थे। मगर, लॉकर दो चाबियों से खुलता है। नरायन सिंह का लॉकर खोलने में किसी कर्मचारी की मिलीभगत हो सकती है। उनके जेवरात की कीमत तकरीबन 25 लाख रुपये है।




# यमुना एक्सप्रेसवे से किसानों के दिल्ली जाने की सूचना, पुलिसबल ने की वाहनों की चेकिंग



संवाददाता

आगरा। कृषि बिल को लेकर दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के मद्देनजर आगरा की तरफ से यमुना एक्सप्रेस वे पर होकर दिल्ली की तरफ कूच करने वाले किसानों के आने की सूचना पर यमुना एक्सप्रेस वे के जाबरा टोल प्लाजा पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने यहां से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग की। बताया गया है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आगरा जनपद की तरफ से दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने जा रहे किसान यमुना एक्सप्रेसवे से आ रहे हैं। सूचना पर गुरुवार को यमुना एक्सप्रेस वे के जाबरा टोल प्लाजा पर क्षेत्राधिकारी मांट धर्मेंद्र चौहान के नेतृत्व में थाना मांट, टोल प्लाजा चौकी सहित पीएसी बल लगाया गया। आगरा की तरफ से आने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली गई। क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि एडीजी आगरा के निर्देशन पर वाहनों की तलाशी ली जा रही है जिससे दिल्ली तरफ जा रहे किसानों को रोका जा रहा है।

# अकाल मृत्यु के भय को दूर करने के लिए करें 'यमुनोत्री' मंदिर के दर्शन

एजेंसी

यमुना देवी मंदिर में माता यमुना की काले रंग के पत्थर से बनी प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके निर्माण के संबंध में कहा जाता है कि 1919 में टिहरी गढ़वाल के राजा प्रताप शाह ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। उत्तराखंड को यूंही देवभूमि नहीं कहा जाता है! यहां आपको पग –पग पर देवी देवताओं के मंदिर मिल जाएंगे। इसी कड़ी में आज हम बात करेंगे यमुनोत्री मंदिर की। यानी कि यमुना नदी का मंदिर। यह मंदिर उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में पड़ता है। यमुना देवी का यह मंदिर हनुमान चट्टी से 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां पहुंचने के लिए आपको जनक चट्टी जाना होगा, जहां से 6 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है। तब कहीं जाकर आप मंदिर के दर्शन कर पाएंगे। हालांकि अब यहां पर भी खच्चर चलने लगे हैं और चलने में असमर्थ लोग आसानी से खच्चरों पर बैठकर मंदिर तक पहुंच पाते हैं। बता दें कि भारत में जिस प्रकार गंगा नदी को पवित्र माना जाता है, ठीक उसी प्रकार यमुना नदी को भी पवित्र माना जाता है। भारतीय जनमानस और शास्त्रों में गंगा –जमुना –सरस्वती तीनों नदियों को देव नदियों का सम्मान



प्राप्त है।

क्या है मंदिर का इतिहास?

यमुना देवी मंदिर में माता यमुना की काले रंग के पत्थर से बनी प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके निर्माण के संबंध में कहा जाता है कि 1919 में टिहरी गढ़वाल के राजा प्रताप शाह ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। हालांकि 19वीं शताब्दी में भयंकर भूकंप के कारण मंदिर ध्वस्त हो गया, जिसके बाद मंदिर के जीर्णोद्धार जयपुर की महारानी देवी गुलेरिआ ने कराया।

मंदिर को लेकर प्रचलित कथा

कहा जाता है कि यमुना देवी भगवान सूर्य की पुत्री है तथा मृत्यु के देवता यमराज की बहन हैं। जब देवी यमुना पृथ्वी पर नदी के रूप में अवतरित हुई तो उन्होंने अपने भाई यम को छाया दोष से मुक्ति दिलाने के लिए घोर तपस्या की और अपने भाई को छाया दोष से मुक्त करा भी दिया। अपनी बहन यमुना के इस घोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान यम ने कहा कि वह उनसे कोई भी वरदान मांग ले। तब देवी यमुना ने अपने भाई से कहा कि वह उनके नदी उनके जल को इतना स्वच्छ और निर्मल बना दें कि इस नदी के जल को पीने वाला कोई भी व्यक्ति शारीरिक रोगों से मुक्त हो जाए। तब यम देवता ने देवी यमुना को वरदान दिया कि यमुना नदी का जल पीने वाला कोई भी व्यक्ति शारीरिक कष्ट से मुक्त हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह वरदान दिया कि यमुना नदी में जो भी व्यक्ति स्नान करेगा अकाल मृत्यु से मुक्त रहेगा।

कैसे पहुंचे यमुनोत्री?

आप हवाई मार्ग से यमुनोत्री आना चाहते हैं, तो यहां पर निकटतम हवाई अड्डा आपको देहरादून मिलेगा। वहीं अगर आप रेल मार्ग से यमुनोत्री आना चाहते हैं तो आपको निकटतम रेलवे स्टेशन हरिद्वार के रूप में मिलेगा। यहां से आप निजी वाहन या किराए के टैक्सी से आसानी से यमुनोत्री तक का सफर पूरा कर सकते हैं। हरिद्वार–ऋषिकेश से यमुनोत्री की दूरी 222 किलोमीटर है।

कब है आने का सही समय?

यमुनोत्री आने का सबसे सही समय मई से नवंबर के बीच का है। चूंकि मंदिर के कपाट मई से नवंबर तक के लिए ही खुलते हैं, उसके बाद अक्षय तृतीया के दिन यमुनोत्री मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। ऐसे में अगर आप चार धाम की यात्रा पर यमुनोत्री आना चाहते हैं तो आप मई से नवंबर के बीच का समय चुनें।

# सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है अंजीर, जानिए इससे कैसे कम हो सकेगा वजन!

एजेंसी

वजन कम करने के लिए अंजीर का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसे एक बेहतरीन ड्राई फ्रूट माना जाता है, इससे कई तरह की हेल्दी ड्रिंक्स भी बनाई जाती हैं। बदलते जीवनशैली में हम तनाव और वजन बढ़ने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं। ऐसे में अपने खानपान का सही तरह से ध्यान न देना और इसे लेकर लापरवाही करना बढ़ते वजन के प्रमुख कारणों में से एक बन चुका है। चिकित्सकों के अनुसार कई बार लोग तनाव में ज्यादा खाना खाने लगते हैं तो कुछ ऐसे भी लोग है जो दिन में काफी कम खाना



खाते हैं। इससे उनके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिल पाता है और वो देखने में तंदुरुस्त लगते हैं, लेकिन अंदर से उनका शरीर धीरे–धीरे खोखला होने लगता है। इससे कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्या भी शुरु होने लगती है। वहीं, अगर आपका भी वजन बढ़ गया है और आप सोच रहे हैं कि ज्यादा एक्सरसाइज या कम खाना खाकर इसे कम कर लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी है। इससे आपको सिर्फ कमजोरी ही महसूस हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि आप ऐसे आहार का सेवन करें जो आपका वजन कम करने में मदद करें और आप किसी तरह की कमजोरी भी महसूस न करें। आज हम आपको एक ऐसी चीज के ही बारे में बताने जा रहे हैं जिसके सेवन से आप अपने बढ़ते वजन को काबू कर सकते हैं। वजन कम करने के लिए अंजीर का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसे एक बेहतरीन ड्राई फ्रूट माना जाता है, इससे कई तरह की हेल्दी ड्रिंक्स भी बनाई जाती हैं। आज हम आपको अंजीर की खूबियां बताने के साथ–साथ इसका किस तरह की ड्रिंक्स बनाकर सेवन किया जा सकता है उसके बारे में बताने जा रहे हैं, आइए जानते हैं...

वजन घटाने में है कारगर

अंजीर में काफी मात्रा में मिनरल्स, फाइबर और कई विटामिन पाए जाते हैं। साथ ही इसमें ओमेगा–3 और 6 जैसे अच्छे फैटी एसिड मौजूद होते हैं। वजन कम करने, वजन बढ़ाने, कब्ज की समस्या, सेहतमंद दिल और कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बचने के लिए भी इसका सेवन किया जा सकता है। स्वाद में मीठे अंजीर का सेवन करने से पेट भरा हुआ रहता है और बार–बार कुछ खाने का मन भी नहीं करता है। ऐसे में इससे वजन कम करना बेहद आसान हो जाता है।

अपनी डाइट में शामिल करें अंजीर

अंजीर थोड़ा कम मीठा और संतोषजनक ड्राइट फ्रूट माना जाता है। ऐसे में ये वजन कम करने के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। इसे आप अपने ब्रेकफास्ट या लंच में शामिल करके हाई फाइबर युक्त आहार का सेवन कर सकते हैं। ब्रेकफास्ट में एक कटोरी चोकर या आप जो भी खा रहे हैं उसमें अंजीर के टुकड़ें को काटकर सेवन कर सकते हैं। आप चाहें तो लंच में कच्ची अंजीर के छोटे–छोटे टुकड़े कर सलाद में मिलाकर सेवन कर सकते हैं।

अंजीर से ऐसे बनाएं हेल्दी ड्रिंक्स

अंजीर मिल्कशेक– वजन कम करने के लिए अंजीर मिल्कशेक काफी मददगार साबित हो सकता है। इसे बनाने के लिए आप एक गिलास दूध में दो अंजीर और कुछ अन्य ड्राइ फ्रूट्स डालें। अब इसे मिक्सी में शेक बना लें। इसका सेवन करने से आप अपना पेट भरा हुआ महसूस करेंगे, साथ ही वजन घटने में भी आपको मदद मिल सकेगी।

बादाम अंजीर शेक– बादम और अंजीर के शेक में ओमेगा 3, ओमेगा 7 और पोटेशियम समेत कई मिनरल्स मौजूद होते हैं। इसका सेवन वर्कआउट के बाद करने से शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। साथ ही ये वजन कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है।

अंजीर ड्रिंक– दूध में किशमिश, बादाम, अंजीर और नींबू को एक साथ मिलाकर अंजीर ड्रिंक तैयार कर सकते हैं। इसमें आप मीठे का स्वाद लाने के लिए शहद भी मिला सकते हैं। अंजीर ड्रिंक का सेवन करक आप अपने बढ़ते वजन को आसानी से कम कर सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी के दौरान यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन क्यों होता है?

एजेंसी

महिलाओं के मूत्राशय के आसपास या उसके अंदर के हिस्से में बैक्टीरिया की वजह से संक्रमण हो सकता है। इसे



ही यूटीआई कहते हैं। अधिकांश महिलाओं में मेनोपॉज के बाद हार्मोनल बदलाव की वजह से यह समस्या होती है। प्रेग्नेंसी में महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनमें से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी एक हो सकता है। जब यूरिनरी सिस्टम का कोई हिस्सा जैसे किडनी, ब्लैडर या यूरेथ्रा बैक्टीरिया से संक्रमित हो जाता है तो इसे ही यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन कहते हैं।

क्या है यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई)?

महिलाओं के मूत्राशय के आसपास या उसके अंदर के हिस्से में बैक्टीरिया की वजह से संक्रमण हो सकता है। इसे ही यूटीआई कहते हैं। अधिकांश महिलाओं में मेनोपॉज के बाद हार्मोनल बदलाव की वजह से यह समस्या होती है। प्रेग्नेंसी के दौरान भी यूटीआई की समस्या आम है, सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, 8 प्रतिशत प्रेगनेंट महिलाएं यूटीआई से ग्रस्त होती हैं। यदि जल्दी इस पर ध्यान न दिया जाए और समय रहते इलाज न करवाया जाए तो संक्रमण ब्लैडर और किडनी तक पहुंचकर गंभीर क्षति पहुंचा सकता है।

प्रेग्नेंसी के दौरान क्यों होता है यूटीआई?

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार प्रेग्नेंसी में होने वाले हार्मोनल बदलाव और गर्भाशय का बढ़ता साइज यूटीआई के लिए जिम्मेदार हो सकता है।

– प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलाव महिलाओं में किसी भी तरह के संक्रमण की संभावना को बढ़ा देते हैं।

– गर्भावस्था में गर्भाशय के बढ़ते आकार और वजन की वजह से ब्लैडर से एक साथ सारा पेशाब निकल पानी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बचे हुए पेशाब के कारण ही संक्रमण होता है।

– गर्भ में शिशु का आकार बढ़ने पर मूत्राशय और मूत्रमार्ग पर दबाव बढ़ने लगता है जिसकी वजह से बैक्टीरिया मूत्र मार्ग में ही रह जाते हैं और संक्रमण पैदा करते हैं।

– गर्भावस्था के दौरान पेशाब में प्रोटीन, शुगर और हार्मोंस की मात्रा अधिक होती है और यह भी यूटीआई के खतरे को बढ़ा देता है।

प्रेग्नेंसी के दौरान यूटीआई के लक्षण

स्त्री रोग विशेषज्ञ के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में किसी को यूटीआई की समस्या होने पर निम्न लक्षण नजर आते है। यदि आपको भी इनमें से कोई लक्षण दिखे तो डॉक्टर से संपर्क करें।

– तेज पेशाब आना या बार–बार पेशाब आना

– पेशाब के दौरान दर्द और जलन

– पेट के निचले हिस्से में ऐंठन

– पेशाब का रंग पीला और बदबूदार होना

– पेशाब में खून या बलगम आना

यौन संबंध बनाने के दौरान दर्द

– ब्लैडर एरिया में दर्द, दबाव या कोमलता महसूस होना

– बुखार

– मतली या उल्टी होना।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्रेग्नेंसी के दौरान यूटीआई खतरनाक हो सकता है, इससे प्रीमेच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए इसके संकेतों को नजरअंदाज न करें।

यूटीआई का उपचार

विशेषज्ञों के अनुसार, यूटीआई के लक्षणों के आधार पर डॉक्टर पहले इसका निदान करता है उसके बाद आपको एंटीबायोटिक दे सकता है। आमतौर पर 3 से 7 दिन का कोर्स होता है। आमतौर पर संक्रमण ब्लैडर और यूरेथ्रा में होता है जो दवा से ठीक हो जाता है, लेकिन यदि समय पर इलाज न किया जाए तो संक्रमण किडनी तक फैल सकता है और ऐसा होने पर पीड़ित महिला को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत है।

# कपड़ों पर लगे लिपस्टिक के दाग हटाने के लिए इन तीन हैक्स का लें सहारा

एजेंसी

आपको शायद पता ना हो, लेकिन हेयर स्प्रे की मदद से भी कपड़ों पर लगे लिपस्टिक के दाग को आसानी से हटाया जा सकता है। इसके लिए आप दाग पर कुछ हेयरस्प्रे करें और दस से पन्द्रह मिनट के लिए ऐसे ही



छोड़ दें। आखिरी में एक गर्म नम कपड़े की मदद से दाग को हटाएं। कई बार ऐसा होता है कि अनजाने ही कपड़ों पर लिपस्टिक के दाग लग जाते हैं और हमें इसका पता ही नहीं चलता। ऐसे में जब उन कपड़ों को वॉशिंग मशीन में धोया जाता है तो इससे दाग थोड़े हल्के तो हो जाते हैं, लेकिन वह पूरी तरह से नहीं जाते। ऐसे में फिर उन दाग लगे कपड़ों को दोबारा पहनने का मन नहीं करता। इस तरह अगर देखा जाए तो वह कपड़ा बेकार हो जाता है। हो सकता है कि आपके साथ भी कभी ऐसा हुआ हो। हालांकि इस स्थिति में आपको कपड़ों को वार्डरोब से बाहर करने की जरूरत नहीं है। बस आप कुछ आसान हैक्स को अपनाकर कपड़ों पर लगे लिपस्टिक के दाग हटा सकती हैं.

लिक्विड डिटर्जेंट आएगा काम

यह एक बेहद आसान हैक है। इसके लिए आप सबसे पहले कम धार वाला चाकू लेकर कपड़े से अतिरिक्त लिपस्टिक को स्क्रैप करें। अब सीधे दाग पर थोड़ा सा लिक्विड डिटर्जेंट डालें और दस मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। अब आप कपड़े को रब किए बिना गर्म पानी से कपड़े को रिंस करें। ध्यान रखें कि रगड़ने से कपड़े को नुकसान हो सकता है। जब एक बार दाग मिट जाए तो कपड़े पर लिखे हुए निर्देशों का ध्यान रखते हुए वॉश करें।

हेयरस्प्रे की लें मदद

आपको शायद पता ना हो, लेकिन हेयर स्प्रे की मदद से भी कपड़ों पर लगे लिपस्टिक के दाग को आसानी से हटाया जा सकता है। इसके लिए आप दाग पर कुछ हेयरस्प्रे करें और दस से पन्द्रह मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। आखिरी में एक गर्म नम कपड़े की मदद से दाग को हटाएं।

अल्कोहल का करें इस्तेमाल

लिपस्टिक के दाग को हटाने के लिए आप सबसे पहले एक साफ लाइट कलर का कपड़ा लें और उसे अल्कोहल में भिगोएं। अब इस नम कपड़े से दाग को सावधानी से साफ करें। याद रखें कि इस समय आपको कपड़े को रगड़ना नहीं है। एक बार जब दाग मिट जाए तो ठंडे पानी से कपड़े को रिंस करें। आखिरी में आप कपड़े को सामान्य रूप से क्लीन करें।

# 15,000 रुपये से कम कीमत में आने वाले स्मार्टफोन, शानदार परफार्मेंस

एजेंसी

निश्चित रूप से यह सेगमेंट बेहद पॉपुलर है। इसका कारण यही है कि मिडिल क्लास के लोग भारत में अधिक संख्या में हैं और इन लोगों में से अधिकांश लोग 15,000 से अधिक स्मार्टफोन पर खर्च नहीं करना चाहते। इतना उनके अपने बजट में आता है और संयोग देखिए कि इस बजट में उनको एक बेहतरीन फोन मिल भी जाता है। तमाम मोबाइल कंपनियां इस सेगमेंट को लेकर बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और कस्टमर की चॉइस को लेकर वह किसी प्रकार की कोताही नहीं करना चाहतीं। आइए देखते हैं...

मोटोरोला मोटो जी9

इस फोन का वर्णन सबसे पहले इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि कई लोग इन फोन का ब्रांड चेंज करना चाहते हैं। अगर आप भी उनमें से हैं जो एमआई, रियलमी इत्यादि से बोर हो चुके हैं, तो मोटरोला का मात्र 11499 में मोटो G9 खरीद सकते हैं। 4GB रैम, 64GB के स्टोरेज के साथ इस फोन में ऑक्टा कोर क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 662 प्रोसेसर दिया गया है। कैमरे की बात करें तो ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप, जिसमें पहला कैमरा 48 मेगापिक्सल का है तो दूसरा 2 मेगापिक्सल और तीसरा भी 2 मेगापिक्सल का कैमरा लगा हुआ है। यह दोनों डेप्थ



सेंसर और माइक्रोलेंस के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं। सेल्फी के लिए यहाँ 8 मेगापिक्सल का कैमरा है, तो बैटरी इसमें 5000 एमएएच की दी गई है। क्या कहते हैं आप? है ना शानदार फोन, प्लस ब्रांड चेंज करने की अपॉर्चुनिटी भी आपके पास है।

सैमसंग गैलेक्सी M21

सैमसंग का नाम आज भी स्मार्ट फोन की दुनिया में आदर के साथ लिया जाता है। कभी बाजार के बड़े हिस्से पर इसका कब्जा था, पर अब भी यह दूसरा सबसे बड़ा मार्केट शेयर करता है,जोकि तकरीबन कुल स्मार्टफोन की मार्केट का 16GB है। 15000 से कम कीमत वाले फोन रेंज की बात करें, तो गैलेक्सी ड21 जिसकी कीमत 13999 है, आपके लिए बेहतर चॉइस हो सकती है। इस फोन का डिस्प्ले रेजोल्यूशन 2340 / 1800 पिक्सेल का है। ऑपरेटिंग सिस्टम इसमें एंड्राइड 10 इंस्टाल है। इस फोन में भी ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है, जिसमें 48 मेगा पिक्सल का प्राइमरी सेंसर, 8 मेगापिक्सल का वाइड एंगल सेंसर और 5 मेगापिक्सल का टेली फोटो सेंसर शामिल है। सेल्फी के लिए इसमें 20 मेगापिक्सल का कैमरा है, तो बैटरी भी इसकी काफी दमदार है, जो 6000mAh की है। साथ ही यूएसबी टाइप सी कनेक्टिविटी और 15W फास्ट चार्जिंग फीचर भी इसमें दिया गया है। इसके बैक में रियर माउंटेड फिजिकल फिंगरप्रिंट सेंसर है, जो काफी सिक्योर माना जाता है।

नोकिया 5.3

13999 की कीमत में इस फोन में 720 x 1640 पिक्सेल का स्क्रीन रिजोल्यूशन मिलता है, तो 6.55 इंच का एचडी प्लस डिस्प्ले आपको प्राप्त होता है। क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 665 चिपसेट पर यह फोन काम करता है और 64ळठ तक इसमें मेमोरी को आप बढ़ा सकते हैं। सबसे बड़ी बात रियर कैमरा सेटअप की है, जिसमें क्वॉड कैमरा आपका मनपसंद साबित हो सकता है। 13 मेगापिक्सल के प्राइमरी कैमरे के साथ 5 मेगापिक्सल का सेकेंडरी सेंसर और 2 – 2 मेगापिक्सल के दूसरे सेंसर इस फोन में दिए गए हैं। वीडियो कॉलिंग और सेल्फी के लिए 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा काफी है। बैटरी जरूर इसकी थोड़ी कम है 4000mAh, लेकिन 13999 में और क्या चाहिए आपको?

रेडमी नोट 9 प्रो

रेडमी इस समय भारत में सबसे ज्यादा मार्केट शेयर रखने वाली कंपनी हो गई है, जो अकेले 30 परसेंट से अधिक की इंडियन स्मार्टफोन मार्केट होल्ड करती है। जाहिर तौर पर कम दाम में अधिक फीचर देना, साथ ही डिजाइन और कैमरे का बेहतरीन कॉम्बिनेशन इस कंपनी को शीर्ष पर लेकर आया है। मात्र 12999 में रेडमी नोट 9 प्रो एक बेहतर ऑप्शन है आपके लिए। इसमें रियल में क्वॉड कैमरे का सपोर्ट है, जिसमें 64 मेगापिक्सल का प्राइमरी लेंस, 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड एंगल, 5 मेगापिक्सल का मैक्रो लेंस और 2 मेगा पिक्सल का डेप्थ सेंसर मौजूद है। फ्रंट में 32 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा है, तो बैटरी इसकी 5020 एमएएच की है। आखिर और क्या चाहिए आपको? तो यह थे चार ऐसे फोन जो 15000 से कम बजट के हैं और आपकी ज़रूरतों को बेहतरीन तरीके से डिफाइन करते हैं।

